दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 113 | ग्वालियर, रविवार, 13 जून, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## खास खबर

### बेबी बंप में अभिनेत्री नुसरत जहां की पहली तस्वीर आई सामने

**मुंबई (ए)।** टीएमसी सांसद और बंगाली अभिनेत्री नुसरत जहां की शादी और प्रेग्नेंसी के हंगामे के बीच बेबी बंप में अभिनेत्री की पहली तस्वीर सामने आ गई है। तस्वीर ने उनकी प्रेग्नेंसी की खबरों को कंफर्म कर दिया है। बेबी बंप में नुसरत की फोटो ने उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।उन्हें पिछली बार सार्वजनिक तौर पर मतदान के दिन देखा गया था।इसके बाद से ही नुसरत जहां ने निकलना बंद कर दिया था और चर्चा चल रही थी कि वे प्रेग्नेंट हैं।गर्भवती होने की वजह से ही नुसरत जहां सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं जा रही थीं। तस्वीर में नुसरत जहां सफेद गाउन पहनी नजर आ रही हैं। तस्वीर में टॉलीवुड की दो और हीरोइन श्राबंती और तनुश्री चक्रवर्ती नुसरत के साथ दिख रही हैं। मालूम हो कि लोग नुसरत जहां की प्रेग्नेंसी को लेकर काफी सवाल उठा रहे थे। कहा जा रहा था कि नुसरत अपने पति निखिल जैन से अलग रह रही हैं, इसके बाद उनकी प्रेग्नेंसी पर कई तरह की बातें हो रही थीं।

### पीएम मोदी ने प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो.राधामोहन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात अर्थशास्त्री और पर्यावरणविद् प्रोफेसर राधामोहन जी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में, कहा, ÷प्रो. राधामोहन जी कृषि के प्रति विशेष रूप से दीर्घकालिक और जैविक कार्य पद्धियों को अपनाने के संदर्भ में गहरा लगाव रखते थे। उन्हें अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी से संबंधित विषयों पर उनके ज्ञान के लिए भी सम्मानित किया था। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ । ओम शांति।

### कोरोना संकट के दौरान मनरेगा योजना को मजबूती दें सरकार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान लगे लॉकडाउन से पैदा हुई आर्थिक तंगी से निपटने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को मजबूती दी जानी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में मनरेगा से लोगों को मदद मिलने से जुड़ी खबरों का हवाला देकर कहा कि इस समय जनहित सबकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया,देश के कमजोर वर्ग को अबकी बार भी मनरेगा से राहत मिल रही है। लॉकडाउन से पैदा हुई आर्थिक तंगी से निपटने के लिए योजना को और मजबूत करना जरूरी है। सरकार किसी की भी हो, जनता भारत की है और जनहित हमारी ज़िम्मेदारी है। कांग्रेस ने कुछ महीने पहले भी सरकार से आग्रह किया था कि मनरेगा का बजट बढ़ाया जाए, ताकि रोजगार छिन जाने के कारण शहरों से गांवों का रुख करने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीविका का साधन मिल सके।

### अनधिकृत रूप से धन की निकासी के लिए 13 अधिकारी निलंबित

**श्रीनगर (ए)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने विकास निधि की अनधिकृत निकासी के आरोप में 13 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों ने बिना किसी प्राधिकरण के ई-एफएमएस (इलेक्ट्रॉनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली) खातों से धन की निकासी की थी। निलंबित अधिकारियों में कश्मीर प्रशासनिक सेवा (केएएस) से संबंधित दो सहायक आयुक्त विकास (एसीडी) और आठ खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शामिल हैं। आदेश में कहा गया है कि जब तक गड़बड़ी की जांच नहीं होती, निलंबित अधिकारी निदेशक ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय से

# ज्योतिरादित्य सिंधिया की कार रोककर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

### सिंधिया को भेंट किया बेशरम का फूल


**भोपाल/ग्वालियर।** राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया 3 दिन तक जिस विरोध से बचते रहे आखिरकार उसका सामना शनिवार सुबह उनको करना ही पड़ा। दिल्ली के लिए निकलने से पहले ग्वालियर के गोला का मंदिर चौराहा पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने उनको घेर लिया। अचानक कार के सामने आए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को देखकर उनको गाड़ी रोकनी पड़ी। एनएसयूआई ने उनको धिक्कार पत्र और बेशरम के फूल दिए। पत्र में लिखा था जब लोग कोरोना से मर रहे थे तब आप कहां थे। इसके बाद धिक्कार पत्र को पढ़ते ही सिंधिया का चेहरा गुस्से से लाल हो गया। उन्होंने गाड़ी का कांच चढ़ाया और निकल गए। भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन दिन के अंचल के दौरे पर थे। कोविड की दूसरी लहर के बाद किसी भी नेता का



यह अंचल में पहला दौरा था। पूरे कोरोना काल में गायब रहने पर सिंधिया का विरोध पहले से ही हो रहा था, लेकिन उनके दौरे के तीन दिन सुरक्षा व्यवस्था काफी चौकस थी। पुलिस किसी भी संदिग्ध को उनके पास नहीं जाने दे रही थी। पुलिस ने दो दिन में कुछ ऐसे लोगों को नजरबंद भी किया था जो हरकत कर सकते थे। इनमें हस्ठ्ठ के नेता ज्यादा थे। शुक्रवार को हस्ठ्ठ का नेता वंश माहेश्वरी को पुलिस ने नजरबंद कर लिया था। हस्ठ्ठ के प्रमुख नेता सचिन द्विवेदी को तलाश किया जा रहा था। तीन दिन विरोध से बचते हुए सिंधिया ग्वालियर में रहे, लेकिन शहर छोडऩे से पहले उनको विरोध का सामना करना ही पड़ा।

**एनएसयूआई का आरोप:** एनएसयूआई नेता सचिन ने बताया कि उन्होंने बेशरम का फूल दिया है। यह वह फूल होता है जो कहीं भी किसी भी हालत में उग जाता है। इसलिए इसे बेशरम कहा जाता है। साथ ही धिक्कार पत्र दिया है। इसमें पूछा गया है कि जब कोरोना संक्रमण से लोग मर रहे थे तब आप कहां थे। जैसे ही कोरोना वायरस चला गया तो आप ग्वालियर-चंबल और भोपाल में दिखने लगे। घर-घर जाकर लोगों की मौत का मजाक उड़ा रहे है।

## सोनू सूद अब मजदूर की नवजात बेटी के दिल का ऑपरेशन कराएंगे



**जालोर (ए)।** देशभर में गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता सोनू सूद अब जालोर के दिहाड़ी मजदूर की बेटी के दिल का ऑपरेशन करवाएंगे। जालोर के भगाराम के घर 1 जून को बेटी का जन्म हुआ, लेकिन सेहत संबंधी परेशानी होने पर चिकित्सकों ने नवजात बच्ची की जांच की तो पाया कि मासूम के दिल में छेद है और दिल की नसें भी गलत जुड़ी हुई हैं। डॉक्टरों ने बताया कि बगैर ऑपरेशन इसे ठीक नहीं किया जा सकता और यह ऑपरेशन जोधपुर जैसे बड़े शहर में ही हो सकता है। तब भगाराम बेटी को लेकर जोधपुर गए। वहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन का खर्च 8 लाख रुपए बताया। मजदूर पिता की मजबूरी कि ऑपरेशन का खर्च वह उठा पाने में नाकाम था। थक-हार कर वह घर में बैठ गए। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले एक युवक को जब इसका पता चला तो उसने सांचौर के रहनेवाले एक समाजसेवी से संपर्क किया। उन्होंने बच्ची और उसके पिता के इस संकट के बारे में दरियादिल सिने स्टार सोने सूद को ट्वीट कर बताया। कुछ ही समय बाद सोनू सूद ने ट्वीटर के जरिए संपर्क किया।

## मॉनसून से पानी-पानी हुई मायानगरी

**मुंबई (ए)।** लगातार दो दिनों से बारिश के बाद मुंबई के निवासियों को सुबह थोड़ी राहत मिली और शहर तथा उसके उपनगरों में बारिश बंद हुई। हालांकि, मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई और इसके पड़ोसी क्षेत्रों के दूरदराज इलाकों में रविवार और सोमवार को भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने रविवार शाम में एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। विभाग ने महाराष्ट्र के रत्नागिरि और रायगढ़ जिलों के लिए भी ऐसा ही रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि मुंबई और पड़ोसी ठाणे के कुछ स्थानों में शनिवार



को भी भारी बारिश हो सकती है। एहतियात के तौर पर नौसेना, तटरक्षक बल और एनडीआरएफ को तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने अपने सभी स्टाफ सदस्यों को ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए भी कहा है और और अडानी बिजली सबस्टेशनों को मौसम की संभावित स्थिति के बारे में चेतावनी दी है। फायर ब्रिगेड को भी अलर्ट कर दिया गया है। बता दें कि 24 घंटे के भीतर 204.55 मिमी से ज्यादा बारिश को अत्यंत भारी बारिश माना जाता है। आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरि जिलों में रविवार को दूरदराज इलाकों में अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। रायगढ़ और रत्नागिरि जिलों में शनिवार के लिए भी इसी तरह का अलर्ट जारी है। महाराष्ट्र के 36 में से 21 जिलों में एक से 10 जून के बीच 60 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, एक से 10 जून के बीच इन जिलों में काफी अधिक बारिश हुई जो इस अवधि के औसत से साठ प्रतिशत अधिक है। मुंबई के अलावा तटीय जिले ठाणे, रायगढ और पालगढ़

## रक्षामंत्री राजनाथ ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीआरओ के दो उत्कृष्टता केंद्रों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली (ए)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 11 जून को नई दिल्ली के सीमा सड़क भवन में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों को देश को समर्पित किया। इन केन्द्रों की स्थापना सड़क सुरक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ सड़कों, पुलों, हवाई क्षेत्रों और सुरंगों के निर्माण में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए की गई है। सड़क सुरक्षा और जागरूकता केंद्र (सीओईआरएसए) का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण के साझाकरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना और बहुमूल्य जीवन बचाने के तरीके सुझाना है। सड़कों, पुलों, वायु क्षेत्रों और सुरंगों (सीओईआरबीएटी) के लिए उत्कृष्टता केंद्र लगभग 60,000 किलोमीटर सड़कों, 56,000 मीटर पुलों, 19 हवाई अड्डों और देश के पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भाग में



चार सुरंगों के विकास में वर्षों में प्राप्त ज्ञान को संस्थागत बनाने पर केंद्रित है।

राजनाथ सिंह ने उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में बीआरओ के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे बहुमूल्य जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सड़क दुर्घटनाओं को एक मूक महामारी बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति, मोटर वाहन अधिनियम 2020 जैसी अनेक शुरुआत की हैं और इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की पहचान की है और इन केंद्रों की स्थापना इस दिशा में एक और कदम है। रक्षा मंत्री ने सुदूर क्षेत्रों में सड़कों, सुरंगों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के द्वारा अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्र की प्रगति में बीआरओ द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कठिन मौसम की स्थिति में अथक परिश्रम करने के लिए बीआरओ के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीआरओ सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रहा है।

## यूपी-उत्तराखंड में तेज हवा के साथ बारिश, बदरीनाथ हाई-वे पर भूस्खलन

**नई दिल्ली (ए)।** बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा के तट पर कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान इसके और सशक्त होने की संभावना है। पंजाब और दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर भी चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इसकी वजह से मौसमी गतिविधियों में तेजी से बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अधिकतर इलाकों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी हल्की बारिश होने की उम्मीद है। जिससे उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कासगंज, देवबंद, नजीबाबाद, सहारनपुर, चांदपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, चंदौसी, बिलारी और आस-पास के इलाकों में आज (शनिवार) मौसम का मिजाज बदला और बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है।



उत्तराखंड में भारी बारिश से कई जगह भूस्खलन हुआ है। बद्रीनाथ हाईवे के किनारे बसे नरकोटा गांव में कई घरों में मलबा घुसने से अफरा तफरी का माहौल है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले चार दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी करते हुए स्थानीय प्रशासन को पर्याप्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिन भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के साथ तेज हवाओं की चलने की आशंका है। पिथौरागढ़, बागेश्वर, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, देहरादून, नैनीताल और चंपावत में कहीं-कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को आसमान में बादल छाए रहने और झोंके वाली हवा के साथ हल्की या मध्यम बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग ने 15 जून तक दिल्ली में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी ने मुंबई और ठाणे समेत कई स्थानों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरि जिलों में 13-14 जून को अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। रायगढ़ और रत्नागिरि जिलों में शनिवार के लिए भी इसी तरह का अलर्ट जारी है। राजस्थान में गर्मी का प्रकोप जारी है। प्रदेश में गंगानगर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को चूरू में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस, करौली में 43.6 डिग्री, चित्तौड़गढ़-पिलानी में 43.3-43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। विभाग ने शनिवार को पश्चिमी राजस्थान के हनुमानगढ़, गंगानगर जिलों में लू चलने और पूर्वी राजस्थान के जिलों में तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदाबादी की संभावना जताई है।

## दिग्विजय का बयान टूलकिट का हिस्सा, टूलकिट के सरगना राहुल गांधी: संबित पात्रा

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का क्लब हाउस चैट वायरल होने के बाद बीजेपी उनपर हमलावर हो गई है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, कांग्रेस का पाकिस्तान के साथ रिश्ता है। दोनों के बयान एक जैसे होते हैं, दोनों के विचार एक जैसे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान की हां में हां मिला रही है। दरअसल, दिग्विजय का एक क्लबहाउस चैट वायरल हुआ है, जिसमें वह कथित तौर पर आर्टिकल 370 की बहाली पर पुनर्विचार की बात कहते हुए सुने जा रहे हैं। संबित पात्रा ने फिर से टूलकिट का जिक्र करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का यह ऑडियो टूलकिट का ही हिस्सा है। टूलकिट के जरिए देश को अस्थिर करने की कोशिश हो रही है। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ही इस टूलकिट गैंग के सरगना हैं। इस टूलकिट के तार दूर-दूर तक फैले हुए हैं। टूलकिट में पाकिस्तान के साथ-साथ चीन भी शामिल है। ये पूरी संभावना है कि आज जो दिग्विजय सिंह ने जो कहा है उसके लिए पहले से स्टेज मैनेज रहा होगा। उस पत्रकार से दिग्विजय सिंह या कांग्रेस के बड़े नेता ने ऐसा सवाल पूछने के लिए कहा होगा। ये सभी उस टूलकिट का हिस्सा है। दिग्विजय इसतरह के सवाल पर उस पत्रकार को धन्यवाद देकर कहते हैं कि अगर मोदी जी सत्ता से हटती हैं, कांग्रेस की सरकार आती है,तब वहां जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से स्थापित करेगी।



### प्रदेश में मौतों के आँकड़ो के खुलासे के बाद अब मुख्यमंत्री जवाब दे

# प्रदेश में मौतों का सरकारी आँकड़ा इतना कम क्यों: पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ

**`भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया कि मध्यप्रदेश में इस कोरोना की दूसरी लहर में हुई मौतों के दो माह के ही वास्तविक आँकड़े जब मैंने सार्वजनिक किये तो पूरी शिवराज सरकार मुझे ग़लत बताने में जुट गयी , एफ़आईआर के नाम पर धमकाने में लग गयी , मुझ पर लाशों पर राजनीति के झूठे आरोप लगाने में सभी भाजपा नेता लग गये ?

मैंने प्रदेश में मौतो के आँकड़ो की सच्चाई सामने लाने को लेकर प्रदेश के सभी मुक्तिधामो व क़ब्रस्तानो के इस अवधि के रिकोर्ड व रजिस्टर सार्वजनिक करने की माँग कई बार शिवराज सरकार से की , मुआवज़ा राशि को बढ़ाकर एक लाख से पाँच लाख करने की माँग की लेकिन आज तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने इस पर एक शब्द नहीं बोला और ना ही जनहित की मेरी इस माँग पर आज तक कोई निर्णय लिया ? मैंने तो बताया था कि इन दो माह में प्रदेश में 1 लाख 27 हज़ार के क़रीब मौतें हुई है और इसमें से क़रीब 80त्न मौत कोविड से हुई है। लेकिन साँच को आँच नहीं , सच को कभी झुठलाया व दबाया नहीं जा सकता है। सीआरएस के सरकारी डेटा के अनुसार इस वर्ष अकेले मई माह में ही प्रदेश में 1.7 लाख मौतें हुई है ? डेटा के मुताबिक़ इस वर्ष जनवरी से



मई के बीच , पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 लाख ज़्यादा मौतें हुई है ? डेटा के मुताबिक़ अप्रैल-मई - 2021 में सरकारी आँकड़े से 40 गुना ज़्यादा मौतें उनके रिकोर्ड में दर्ज हुई है ?

**यह है सच:** अब सरकार बताये कि किस-किस पर एफ़आईआर दर्ज करवाएँगे ? नाथ ने बताया कि शिवराज सरकार ने कोरोना की इस दूसरी लहर में अपनी सरकार की नाकामी व असफलता से प्रदेश में हुई हज़ारों लोगों की मौत के आँकड़ो को छुपाने का घृणित काम किया है। वह यह भी चाहती है कि मौत के सरकारी आँकड़े कम हो तो उसकी योजनाओं का लाभ भी कम ही लोगों को देना पड़े ? लेकिन जिन हज़ारों परिवारों ने इलाज-बेड-अस्पताल-ऑक्सीजन -इजेक्शन के अभाव में अपनो को खोया है , भीषण दर्द भोगा है वो इस निष्ठुर सरकार को कभी माफ़ नहीं करेंगे ? शिवराज जी को इस खुलासे के बाद सामने आकर यह बताना चाहिये कि प्रदेश में मौत का सरकारी आँकड़ा इतना कम क्यों ? प्रदेश में कोरोना से कितने लोगों की अभी तक मौत हुई है ?

### अस्पताल समय पर चालू होता तो कई जानें बचाई जा सकती थी: सुरेन्द्र चौधरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा प्रहार करते हुए आमजनों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा सागर जिले के बीना में 1000 बिस्तरों का अस्पताल खोलने की घोषणा की गई थी और आज जब 1000 बिस्तरों की अस्पताल की जगह मात्र 200 बिस्तरों के अस्पताल का उद्घाटन किए जाने से आम जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार की अदूरदर्शी निर्णय के कारण ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण से अनेकों लोगों को डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, इंजेक्शन, वेड, ऑक्सीजन सहित जीवन रक्षक दवाइयों के अभाव में अपनी जान गवाना पड़ी है। अगर बीना का यह अस्थाई अस्पताल समय रहते चालू हो जाता तो अनेकों लोगों की जान बचाई जा सकती थी। श्री चौधरी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की लहर लगभग खत्म होने के बाद उद्घाटन के ठीक पहले ही हवा और पानी के मामूली प्रहार से धराशाई हुए अस्पताल के निर्माण में किए गए जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार पर पर्दा डालकर भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किया गया है।

## नैनो न्यूज

### अश्लील चेटिंग के नाम पर ब्लैकमेल का खेल हुआ शुरू




शिवपुरी। जिले के बदरवास में एक ऐसा रैकेट सक्रिय है जो वँहा के धनाढ्य वर्ग के लोगों को अश्लील चेटिंग करा उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर लेता है और फिर उनसे लाखों की डिमांड कर वसूली करता है। बदरवास में यह खेल काफी दिनों से चल रहा है और इस खेल में बदरवास के ही कुछ शातिर दिमाग लोग जल्दी करो? पति बनने की लालसा में इस खेल को खेल रहे है बताया तो यह तक जा रहा है कि इन शातिर बदमाशों की टोली अब तक लाखों रुपये की वसूली कर चुकी है। इस खेल का शिकार या तो धनाढ्य वर्ग के लोगों को किया जा रहा है अथवा शासकीय कर्मचारियो को। क्योंकि यह लोग जब जाल में फंस जाते है तो अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए आसानी से रुपये दे देते हैं।प्रतिष्ठा बचाने के फेर में ऐसे लुटे पिटे लोग सामने तो नही आ रहे है लेकिन वह चाहते अवश्य है कि वे तो लुट गए लेकिन अव और कोई न लुटे। पड़ताल करने पर यह अवश्य सामने आया कि इस खेल के मास्टरमाइंड ऐसे लोग है जिन्हें जिम्मेदार तबका माना जाता है और उन पर शोषित वर्ग की रक्षा करने की जिम्मेदारी है।बताया तो यह भी जा रहा है कि इसकी भनक बदरवास पुलिस महकमे पर भी है लेकिन शिकायतकर्ता के सामने न आने के कारण वह कुछ नहीं कर पा रहे। बदरवास की जनता ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि वो ऐसे रैकेट को पक?कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजें जिससे बदरवास की जनता को इस तरह की लूट से बचाया जा सके।

### कर्मचारी संघ ने नरवर में लगाया वैक्सीन शिविर



**शिवपुरी।** नरवर, नगर के बार्ड नं. 6 में स्थित बालाजी की बगिया में ब्लॉक शिक्षक कर्मचारी संघ के द्वारा विगत 3 दिनों से कोविड-19 को लेकर वैक्सीन के संबंध में नगर के कुछ खास मोहल्ला में जाकर ऐसे लोगों को प्रेरित किया गया। जो बैक्सीन लगबाने से कतरा रहे थे। कर्मचारी संघ द्वारा मंदिर परिषर में लगाए गए वैक्सीन शिविर का आयोजन जिला शिक्षाधिकारी दीपक कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य एवं नरवर वी.एम.ओ. आर.आर. माथुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें अन्य विशेष आमंत्रित अतिथिगण संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह रघुवंशी, शिवपुरी वी.आर.सी.सी. अंगदसिंह तोमर, नरवर वी.आर.सी.सी. प्रदीप शुक्ला, नरवर कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर चौरसिया के अलावा आधा सेंकडा स्वास्थ्य एवं शिक्षा कर्मचारी शिविर में पहुंचे। उक्त मोके पर सर्व प्रथम 18-19 बर्ष के युवा युवतियों को वैक्सीन लगाकर फल भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत व उत्साहवर्धन किया गया। शिविर में एक सेंकडा से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीन शिविर में प्रत्येक हितग्राही का फल भेंटकर एवं नास्ता कराकर व फरूटी पिलाकर स्वागत किया गया। उक्त मोके पर शिक्षक कर्मचारी संघ के स्थानीय सदस्यों द्वारा वैक्सीन हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया गया।

# कोविड संक्रमण कम होने पर 14 जून से दोनों ओर खुलेगा श्योपुर का बाजार: कलेक्टर

### परमार्थ वार्ड बनाने हेतु श्री कुजबिहारी सर्राफ ने 01 लाख रूपयें दान देने की घोषणा जिला स्तरीय संकट प्रबधन समूह की बैठक आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय श्योपुर के सभागार में आयोजित की गई इस बैठक में श्योपुर का बाजार 14 जून को सुबह 8ः00 बजे से सांय 6ः00 बजे तक दोनो ओर खोलने का निर्णय लिया गया है साथ ही शासन की गाइडलाइन के अनुसार अन्य निर्देशो पर अमल जारी रहेगा।





बैठक में समिति सदस्य श्री कुजबिहारी सर्राफ ने जिला चिकित्सालय श्योपुर में बनने वाले 80 बेड के परमार्थ वार्ड के लिए 01 लाख रूपये दान देने की घोषणा की बैठक में अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, एसडीएम कराहल श्री विजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, श्री बृजराज सिंह चौहान, समिति सदस्य श्री कुजबिहारी सर्राफ, सीएमएचओ डॉ बीएल यादव, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, कमाडेन्ट होमगार्ड श्री कुलदीप मलिक, सहायक आयुक्त आजाक श्री एमपी पिपरैया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके सोलंकी, नगरपालिका की सीएमओ सुश्री मिनी अग्रवाल, बीएमओ कराहल डॉ राजेन्द्र प्रजापति उपस्थित थे।

इसी प्रकार गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय, क्षेत्रीय विधायक श्री बाबू जण्डेल, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश शुक्ल, पूर्व विधायक श्री सत्यभानू चौहान, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य श्री कैलाश नारायण गुप्ता, समिति सदस्य श्री गिर्राज सर्राफ उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण विगत सप्ताह से धीरे-धीरे कम होता जा रहा है फिर भी हमें सर्तक रहकर मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से कराना चाहिए साथ ही सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए भीड-भाड से बचकर रहने की आवश्यकता है।

उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधि, व्यापारी और समिति सदस्यों की मांग पर 14 जून 2021 सोमवार को सुबह 8ः00 बजे से सायं 6ः00 बजे तक श्योपुर शहर का दोनो ओर का बाजार खोला जावेगा साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का पालन शासन की कोरोना गाइडलाइन के अनुसार किया जावेगा।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय वीसी 13 जून 2021 को पसुबह 11ः00 बजे से आयोजित की गई है जिसमें जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर की संकट प्रबंधन समूह के सदस्य उपस्थित रहकर वीसी में दिये गये उद्बोधन को सुनेगे और देखेगे इस वीसी में जिला स्तर पर एनआईसी के कक्ष में सभी जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह के सदस्य आंमत्रित है। बाकि समितियों के सदस्य ऑनलाइन जुड सकते है।

कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय श्योपुर में केन्द्रीय मंत्री द्वारा ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन विगत दिनों किया था साथ ही 80 बेड का परमार्थ वार्ड की भी आधारशीला रखी थी इसी प्रकार दूसरे आजीविका ऑक्सीजन प्लांट का काम पूर्णताः की ओर है इसके बाद उद्घाटन किया जावेगा।

इसी प्रकार बडौदा, कराहल, विजयपुर में ऑक्सीजन प्लांट तैयार करने की दिशा में कार्यवाहियां चल रही है उन्होने कहा कि ऑक्सीजन की व्यवस्था होने से क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन इंजीनियरों द्वारा किया जा चुका है। जिले को 06 एम्बुलेस में 02 एम्बुलेस मिल चुकी है शेष 04 को लाने के प्रयास किये जा रहे है।

उन्होने कहा कि कोरोना के प्रभावित मरीजों की लिस्टींग का कार्य सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन द्वारा किया जा रहा है एवं संभावितों की भी सूची तैयार की जा रही है कोविड मरीजो के नाम सार्थक पोर्टल पर दर्ज करने की व्यवस्था जारी है उन्होने कहा कि समिति सदस्यों द्वार दिये गये सुझावों की भावना से में सहमत हूॅ। जिसमें हर प्रेशेट का रिकार्ड तैयार करने की व्यवस्था कराई जा रही है। यह व्यवस्था जिला चिकित्सालय के अलावा सीएससी, पीएससी पर लागू होगी जिले के अन्य राज्यों में जिन कोविड मरीजों का उपचार चल रहा है उनका भी रिकार्ड तैयार कराया जावे। उन्होने कहा कि कोरोना के सेम्पल लेने की कार्यवाही अनुवर्त जारी है। वर्तमान में इक्का-दुक्का केस आ रहा है उनकी छानबीन चिकित्सको से कराई जा रही है उन्होने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य से छूटे हुए व्यक्तियों का वैक्सीनेशन कराने की कार्यवाही निरंतर जारी है उन्होने कहा कि शादी-विवाह में वर-वधु पक्ष के 10-10 व्यक्ति शामिल हो सकते है इसी प्रकार शमशान में 10 व्यक्ति जा सकते है। रेस्टोरेंट भी 50 प्रतिशत के मान से सुबह 8ः00 बजे से सांय 6ः00 बजे तक खोले जा सकते है उन्होने कहा कि ऑक्सीजन का बडा प्लांट लगने पर सिलेण्डर भरकरद उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विचार किया जावेगा। उन्होने कहा कि समिति के सदस्य श्री कुजबिहारी सर्राफ द्वारा 80 बेड परमार्थ वार्ड के लिए दान स्वरूप की गई 01 लाख रूपये की घोषणा के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय ने गूगल मीट के माध्यम से अवगत कराया कि कोरोना गाइडलाइन एवं जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक में लिये गये निर्णयों का पुलिस द्वारा पालन किया जावेगा।

## पिता की स्मृति में तैयार किया पुलिस मांगलिक भवन, आईजी ग्वालियर ने किया लोकार्पित

शिवपुरी। शहर के समाजसेवी एवं पीएस रेजीडेंसी के संचालक पवन जैन,सुनील जैन ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल एवं कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की प्रेरणा से अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री प्रकाश चंद जी जैन की स्मृति में पुलिस मैरिज गार्डन में मांगलिक भवन का निर्माण कराया, जिसका लोकार्पण शुक्रवार को ग्वालियर आईजी अविनाश शर्मा,डीआईजी राजेश हिंगड़कर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एसपी राजेश चन्देल ने किया।







इस कार्यक्रम में एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया सहित पूरे जिले के एसडीओपी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

पवन जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस भवन की लागत लगभग 7 लाख है। इस भवन का उपयोग पुलिस विभाग के कर्मचारियों की मांगलिक कार्यक्रम में होगा।

## भारतीय जनता किसान मोर्चा ने किया जिला चिकित्सालय के कोरोना योद्धाओं का सम्मान

### जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ऋषिस्वर सहित कई चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ का किया गया सम्मानित, शाल श्रीफल के साथ दिया गया पीपल का पौधा




**शिवपुरी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रमेंद्र सोनू बिरथरे द्वारा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित वैक्सीनेशन शिविर में ऐसे कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया गया । जिन्होंने कोरोनाकाल में जिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं दी, ऐसे कोरोना योद्धाओं में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषिस्वर, सिविल सर्जन डॉ राजकुमार ऋषिस्वर सहित तमाम चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहा।

इन सभी कोरोना योद्धाओं को शॉल श्रीफल के साथ-साथ 1-1पीपल का पौधा भी सम्मान स्वरूप भेंट किया गया।

गौरतलब है कि यह वैक्सीनेशन शिविर आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला कार्यालय झांसी रोड पर लगाया गया जिसमें 400 से अधिक लोगों को वेक्सीन लगाई गईं।

## जिला चिकित्सालय पहुंची नवीन एम्बुलेंस कोविड नियंत्रण प्रभारी मंत्री ने माना आभार





अशोक नगर। शासकीय जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए स्व.माधवराव स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा एक नवीन एम्बुलेंस प्रदान की गई है।

नवीन एम्बुलेंस उपलब्ध होने पर प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री तथा जिला कोविड-19 प्रभारी मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार माना। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री अभय वर्मा ने बताया कि गत दिवस राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री तथा जिला कोविड-19 प्रभारी मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव,अशोकनगर विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री उमेश रघुवंशी की उपस्थिति में एम्बुलेंस की चाबी सौंपी गई। उपलब्ध कराई गई नवीन एम्बुलेंस जिला चिकित्सालय पहुंच गई है। इस नवीन एम्बुलेंस मिलने से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढोत्तरी होगी तथा लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

## माधव नेशनल पार्क में टाइगर आने से पहले शुरू हुई अड़चनें

**शिवपुरी।** माधव नेशनल पार्क में टाइगर लाने की तैयारियां शुरू हो गई है तैयारियों के साथ ही शासन व प्रशासन के आगे एक चुनौती भी खड़ी हुई है वह चुनौती सीमा क्षेत्र में बसे पांच गांव इन गांवों के ग्रामीणों ने बीते रोज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और कहा कि मुआवजा दिलाए तभी खाली करेंगे गांव।



माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी के विस्तार के लिए साल 2004 में लखनगवां, हरनगर एवं डोंगर और अर्जुनगवां, मामौनी गांव में विस्थापित के लिए राजस्व द्वारा सर्वेक्षण कराया था जिसमें गांव वालों ने विस्थापन के बदले पुनर्वास और भूमि की मांग की थी साथ ही कुछ लोगों ने पैसों की मांग की थी। गांव वालों का कहना है कि राजस्व विभाग ने ग्रामीणों की बिना सहमति के सभी को साल 2008 की गाइड लाइन से 35त्न अतिरिक्त राशि के साथ मुआवजा देने के लिए अवार्ड पारित कर दिया था इसका गांव वालों ने विरोध किया और मुआवजा नहीं लिया भूमि को नहीं छो?ा और लगातार खेती करते आ रहे हैं गांव वालों का कहना है कि नेशनल पार्क विस्तारीकरण के लिए विस्थापित नई गाइडलाइन 8 अप्रैल 2021 को सरकार ने जारी की है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार में जो 18 साल से ऊपर हैं, उन्हें वयस्क मानकर दोबारा से जनगणना कराकर 15 लाख रु. प्रति परिवार मुआवजा दिलाएं यदि मुआवजे में ज्यादा समय लगाते हैं तो हम नया निर्माण काय चालू कर देंगे और फिर भविष्य में गांव खाली नहीं करेंगे फिर चाहे सरकार को जो मुआवजा दे, हम नहीं लेंगे और ना ही गांव खाली करेंगे। कम रेट का मुआवजा स्वीकार नहीं करेंगे।

### पोहरी में लोहे की चादर काटकर दुकान में घुसे चोर ढाई लाख के मोबाइल और नगदी चुराए

**शिवपुरी।** पोहरी थाने से कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में गुरुवार की रात अज्ञात चोर घुस गए जिन्होंने दुकान में रखे ढ़ाई लाख रूपए कीमत के एंड्रोइड मोबाइल, पॉवर बैंक, चार्जर और 29 हजार रूपए चुरा लिए चोर दुकान के पीछे लगी लोहे की चादर को काटकर दुकान में घुसे पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवेचना प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार शीतला मोबाइल शॉप के संचालक आकाश नामदेव ने बताया कि गुरुवार की रात वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर घर गया था उस समय वह अपनी दुकान में दिनभर की दुकानदारी के 29 हजार रूपए गल्ले में ही छोड़ गया।

## केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के 68वें जन्मदिन पर पौधरोपण कर मास्क वितरण किए!

विनोद पाठक ब्यूरो



श्योपुर मुरैना के लोकप्रिय सांसद मोदी सरकार में पंचायत ग्रामीण कृषि विकास पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह जी तोमर का 68वा जन्मदिन के अवसर पर धर्मेन्द्र मीणा फैन्स क्लब के साथियों द्वारा आज 12 जून को नदी वाले हनुमानजी पर पौधरोपण किया गया वही दूसरे कार्यक्रम में पुराना बस स्टेंड एव जय स्तम्भ चोक पर राहगीरों को माश्क वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मीणा, जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा संजय आकोदिया, महेंद्र आर्य,भाजपा आई टी सेल एव प्रबन्धन विभाग के सयोंजक नकुल जैन, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ भारत भूषण फैन्स क्लब के सदस्य हितेश सोनी,सोनू गोयल,प्रदीप वर्मा,सोनू वैष्णव,देवी नायक,पंकज गौतम,दीपक शर्मा सहित फैन्स क्लब के साथी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!

# स्कूल की बिल्डिंग में छिपे 20 हजार के इनामी डकैत को किया गिरफ्तार

### गुड्डा गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य है आरोपी, दर्जनभर लूट डकैती के अपराध है दर्ज






मुरैना। शुक्रवार की रात बानमोर थाना पुलिस ने गुड्डा गुर्जर गैंग के सक्रिय सदस्य एवं 20 हजार के इनामी डकैत बालस्टर गुर्जर को सरकारी स्कूल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लोडेड बंदूक एवं तीन राउंड बरामद किए हैं। उक्त डकैत पर मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी जिले में लूट डकैती एवं हत्या के प्रयास के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें पुलिस उसे तलाश कर रही थी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत शुक्रवार की शाम पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार को सूचना मिली की गुड्डा गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य 20 हजार का फरारी इनामी बदमाश बानमोर क्षेत्र के ग्राम चकपहाड़ी में एक स्कूल के अंदर छुपा हुआ है। उक्त सूचना पर उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ रायसिंह नरवरिया एवं एसडीओपी बानमोर के नेतृत्व में बानमोर थाना पुलिस को कार्यवाही के लिए टिप्स दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल से कुछ दूर पहले वाहनों को रोक लिया और दबे पाव शासकीय स्कूल को घेर लिया, जहां डकैत हाथ में बंदूक लिए बैठा हुआ था। आहट पाकर डकैत ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर डकैत ने अपना नाम बालट्टर और बालस्टर गुर्जर पुत्र ओछे सिंह गुर्जर निवासी ग्राम दुधारी थाना जौरा बताया। पूछताछ में डकैत ने बताया कि उसे 3 जिलों की पुलिस तलाश कर रही है। शिवपुरी, श्योपुर एवं मुरैना जिले में उसके द्वारा लूट डकैती एवं हत्या के प्रयास के कई अपराध किए गए हैं और एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उक्त डकैत की मुरैना जिले के जौरा, सुमावली, निरार, पहाड़गढ़ पुलिस को तलाश थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर की लोडेड बंदूक एवं 3 राउंड जप्त किए हैं। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि उसका बड़ा भाई दशरथ गुर्जर भी श्योपुर तथा मुरैना से इनामी हैं तथा गुड्डा गैंग का सदस्य है और उस पर भी अनेक अपराध दर्ज हैं। आरोपी को पकड़ने में बानमोर थाना प्रभारी एसआई संतोष यादव, सुभाष शर्मा, सचिन पटेल, प्रधान आरक्षक मुकेश सिंह, प्रवेंद्र तोमर, आरक्षक राजकुमार, दिलीप, संजीव, मनीष, मंगल शर्मा, सर्वजीत आदि की मुख्य भूमिका रही।

## वन-टू-वन

### वैक्सीनेशन कराने के लिए चलाई इनामी योजना




आंतरी। नगर परिषद आंतरी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी शारिब कौसर द्वारा वैक्सीनेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु एवं लोगों में इसके प्रति रुचि लाने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर इनामी योजना चलाई गई है और इसके साथ ही वैक्सीनेशन कराने वालों को फल फ्रूट भी दिए जा रहे हैं। प्रदेश में यह पहला प्रयास है जो कारगर साबित हो रहा है। नगर परिषद के सीएमओ द्वारा बताया गया है कि वेक्सिनेशन कराने पर 551 रुपए का इनाम जीत सकते हैं। इसके साथ ही वैक्सीनेशन कराने के लिए आने वाले सभी लोगों को फल वितरण भी टीकाकरण केंद्रों पर किया जा रहा है। इस कार्य में सीएमओ शारिब कौसर, कॉविड नोडल मयंक श्रीवासतव, कालीचरण माहौर, अमिताभ, आतिश बघेल एवं नगर परिषद के अन्य कर्मचारी प्रतिदिन लगे हैं और नगर में सभी लोगों को वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### पौधारोपण कर मनाया केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन



मुरैना। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का जन्म दिवस शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मुरैना द्वारा जरूरतमंद लोगों को मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित एवं पौधारोपण कर मनाया। इस अवसर पर मंडल के पूर्व अध्यक्ष बृजकिशोर डण्डोतिया, मंडल के अध्यक्ष रामलखन छावई, कमल सिंह डण्डोतिया, उदय सिंह जाटव, जगदीश बघेल विष्णु बघेल, अमित डण्डोतिया, संदीप डण्डोतिया, आशीष डण्डोतिया, रवि उपाध्याय, कुलदीप डण्डोतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जन्मदिवस पर 21 पौधे रोपे



पोरसा। नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी कमलेश मिश्रा ने अपने पुत्र तेजस शर्मा का सातवा जन्मदिवस अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर मनाया। श्री मिश्रा ने कहा कि वृक्ष है तो जीवन है और वृक्षों के कारण ही मनुष्य जीवित ह। सभी लोग वृक्षारोपण कर बड़े होने तक उनकी देखभाल करें तो पर्यावरण में सुधार किया जा सकता है। श्री मिश्रा के साथ एसडीएम अंबाह राजीव समाधिया, तहसीलदार अंबाह, नायब तहसीलदार पोरसा सहित अन्य अधिकारीगणों ने 21 पौधों का रोपण किया और इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

### अवैध शराब के मामले में आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा एवं अर्थदण्ड

मुरैना। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि गत 06 अक्टूबर 2020 को थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तस्दीक कर सिंघल बस्ती मुरैना में गुमटी के पास से आरोपी मनोज पुत्र राजू जाटव को 23 क्वार्टर देशी प्लेन शराब के साथ पकडा था। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय होने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बाद थाना वापस आकर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चालान माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सी.जे.एम.) मुरैना न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये, न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2800/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में पैरवी डॉ. रश्मि वैभव शर्मा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मुरैना के द्वारा की गई।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर बीआरसी की पहल ...

### समाजसेवियों ने बाल श्रमिकों की पढ़ाई-लिखाई, कॉपी-किताब व स्कूल ड्रेस की ली जिम्मेदारी



अम्बाह। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर अंबाह बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर द्वारा 4 बच्चों को बाल श्रम से आजादी दिला कर समाजसेवियों के सहयोग से स्कूल में प्रवेश दिलाया गया। बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर ने बताया कि अंबाह एसडीएम राजीव समाधिया की मंशा के अनुरूप बाल श्रम दिवस के अवसर पर उन्होंने अपनी टीम और समाजसेवियों के साथ भ्रमण कर बाल श्रम की स्थिति को देखा। तभी उन्हें पुरानी बस्ती मैं कुछ बच्चे बाल श्रम करते झाड़ू लगाते व कचरा उठाते नजर आए। उन से नाम पता पूछ कर बीआरसी श्री तोमर समाजसेवियों के साथ उन बच्चों के घर तक पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर बच्चों से भविष्य में कभी भी बालश्रम न कराने की शपथ दिलाई। इस मौके पर समाजसेवी सुधीर आचार्य और उनके साथियों को बुलाकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की, उसके उपरांत समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और अरविंद मावई ने सभी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, ड्रेस आदि का खर्चा वहन करने का आश्वासन दिया है। उसके बाद बच्चों को ले जाकर ब्राइट कैरियर एकेडमी स्कूल में प्रवेश दिलाया गया, जहां बच्चों का एडमिशन फॉर्म भरने के उपरांत उन्हें कॉपी, पेंसिल, ज्ञानवर्धक किताब, टी-शर्ट, पेन, कटर, रबर, स्केल आदि उपहार स्वरूप भेंट किए गए। बाल श्रम कर रहे बच्चे जगत की मां राखी और पूजा की मां पुष्पा ने बताया कि उनकी स्थिति बच्चों को पढ़ाने लायक नहीं है। इसलिए बच्चे छोटे-मोटे काम में हाथ बटाते हैं, लेकिन अब जब पढ़ाई की जिम्मेदारी ब्राइट कैरियर वालों ने ले ली है, तो वह बच्चों से कभी काम नहीं करवाएंगे और रोज स्कूल पढ़ने भेजेंगे।

#### शिक्षा-दीक्षा के लिए मानवी को लिया गोद

अभी कोरोना काल में ही नगर के युवा शैलेश कुमार जैन की आकस्मिक मृत्यु के बाद पढ़ाई से वंचित नन्ही मानवी जैन की शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी भी समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने ली है और एलकेजी से इंटर तक की शिक्षा-दीक्षा पुस्तक आदि का खर्चा उनके द्वारा करने का निर्णय लिया गया है।

### सट्टा एक्ट के आरोपियों को न्यायालय ने किया दंडित

मुरैना। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि गत 22 अप्रेल को थाना कोतवाली पुलिस ने काजी कुंआ के पास, इस्लामपुरा मुरैना से आरोपी श्यामलाल पुत्र झ्रासीराम प्रजापति को सट्टा खिलाते पकडा था। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक सट्टा पर्ची, डॉट पेंसिल व 1120/- रूपये मिले। इसी प्रकार एक अन्य आरोपी को गत 16 मार्च को थाना कोतवाली के उ.नि. हिमांशु यादव ने गल्ला मंडी परिसर, मुरैना से आरोपी भूरा जाटव पुत्र हीरालाल जाटव को सट्टा खिलाते पकडा था। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक सट्टा पर्ची, डॉट पेंसिल व 310/- रूपये मिले। दोनों ही आरोपियों का कृत्य धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त सामान व पैसे को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना वापस आकर अपराध पंजीबद्ध कर चालान मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुये, न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त दोनों ही प्रकरणों में पैरवी एडीपीओ डॉ. रश्मि वैभव शर्मा के द्वारा की गई।

## सीएमओ ने लोगों की सुविधा के लिए आरओ और वाटर कूलर लगवाया



झुण्डपुरा। नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा में आये नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी का कार्य के प्रति समर्पण उनके द्वारा किए गए कार्यों से दिखाई दे रहा है। चार्ज सभालते ही उन्होंने पहली बैठक में ही कर्मचारियों को ताकीद किया था कि काम के लिए लोग बार-बार नगरपालिका के चक्कर न लगाएं, उनके काम समय सीमा में पूरे करें। अब कार्यालय में उनके निर्देशों का असर दिखाई दे रहा है।

नगर परिषद कार्यालय नगर से दूरी पर है यहां अपने काम के सिलसिले में प्रतिदिन सैकडों लोग पहुंचते हैं, कार्यालय में पानी की व्यवस्था न होने से इस भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को खासी परेशानी होती थी। सीएमओ ए.के बंसल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नगर परिषद कार्यालय पर पानी की टंकी, आरओ फिल्टर एवं वाटर कूलर (फ्रीज) लगाया गया है, जिससे विभिन्न कार्य के लिए आने वाले लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडा पानी मिल सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ए.के.बंसल के इस कार्य की सराहना नगर के लोग कर रहे हैं।

## जौरा में हुई चोरी का खुलासा, माल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार



मुरैना। चोरी लूट डकैती आदि अपराध करने वाले बदमाशों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जौरा पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून की रात रामनिवास शर्मा पुत्र सुवालाल शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 9 गोकुलधाम कॉलोनी जौरा के घर से परिजनों के सोने के दौरान अज्ञात चोर बेड के अंदर रखें डिब्बे से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी कुल कीमत 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस द्वारा रामनिवास की रिपोर्ट पर से चोरी का मामला दर्ज कर चोरी का खुलासा करने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया और मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन चोरों को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से सोने चांदी के आभूषण कीमती 3 लाख रुपए बरामद कर उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। चोरों को गिरफ्तार करने व माल बरामदगी में थाना प्रभारी मंगल सिंह, उप निरीक्षक सौरव पुरी, गुलाब सिंह, प्रदीप त्यागी, भीकम, भूपेंद्र, गजेंद्र, विकास, जितेंद्र आदि की सराहनीय भूमिका रही।


## कोविड-19 के चलते माता पिता को खोने के बाद 7 बच्चों को दी पेंशन राशि



अम्बाह। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के तहत आज स्थानीय रेस्ट हाउस पर विधानसभा क्षेत्र में कोरोना से माता पिता की मृत्यु के बाद अनाथ हुये सात बच्चों को पांच-पांच हजार रुपये की पेंशन के प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इन अनाथ बच्चों को संबल देने के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक कमलेश जाटव एवं एसडीएम राजीव समाधिया मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक कमलेश जाटव ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की वजह से कुछ बच्चों के सिर से माता-पिता का साया छिन गया है जो की बहुत ही दुःखद स्थिति है किंतु विधि के विधान के आगे हम सब असहाय हैं। इन मासूम बच्चों की तत्काल सहायता के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना लागू की गई है। श्री जाटव ने कहा कि इस योजना के तहत कोरोना से माता-पिता या अभिभावक की मौत होने पर बच्चों को योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना में ऐसे बच्चों को निशुल्क राशन और पहली से स्नातक तक की पढ़ाई कराने की व्यवस्था है, जो बच्चे अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं।

## जैन मिलन ने की बालश्रम निषेध दिवस पर ऑनलाइन परिचर्चा



मुरैना। बालश्रम जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए जैन मिलन मुरैना की महिला सदस्य जल्द ही जागरुकता अभियान शुरू करेंगी। यह संकल्प उन्होंने शनिवार को बालश्रम निषेध दिवस पर आयोजित ऑनलाइन परिचर्चा में लिया। उन्होंने कहा कि बालश्रम का कलंक समाज से दूर होना ही चाहिए।

बालश्रम निषेध दिवस पर जैन मिलन महिला ने जूम एप पर वर्चुअल मीटिंग कॉल की। इसमें संगठन की केन्द्रीय संयोजिका भावना जैन ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों से मेहनत, मजदूरी कराया जाना सभ्य समाज के लिए कलंक जैसा है। बच्चे देश का भविष्य हैं, उनका बचपन श्रम करते हुए नहीं, बल्कि बेहतर हेल्थ और दिमाग विकसित करने वाली गतिविधियों में गुजरना चाहिए। संगठन की जोन चेयर पर्सन सरिता जैन ने कहा कि सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का ही नहीं, बल्कि समाज का भी दायित्व है। वहीं जैन मिलन की अध्यक्ष रजनी जैन ने बालश्रम करने वाले बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग करने और लावारिस बच्चों के पुनर्वास की जरूरत जताई। केन्द्रीय संयोजिका भावना जैन ने बालश्रम रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने एकसुर में सहमति दी।

# पुष्पांजली टुडे

सम्पादकीय

ग्वालियर, रविवार, 13 जून, 2021



## स्वास्थ्य ढांचे की खामियां

कोरोना संकट ने हमारे स्वास्थ्य ढांचे की खामियों और विसंगतियों को उजागर कर दिया है। ऐसी ही एक विसंगति है देश की चिकित्सा शिक्षा में व्याप्त असमानता। जिन हिंदी भाषी राज्यों का प्रदर्शन मानव विकास सूचकांक में कमजोर रहता है, वे चिकित्सा शिक्षा के मामले में भी दक्षिण के राज्यों से पिछड़े हैं। पूर्वोत्तर के राज्य तो और बुरी स्थिति में है। जन स्वास्थ्य के मामले में यह असंतुलन आज भी गंभीर



समस्या ही है। अब सरकार ने 29 नए मेडिकल कॉलेज सालाना खोलने का लक्ष्य रखा है। इसी तरह, 2014 में देश के सभी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक (एमबीबीएस) पाठ्यक्रमों में कुल 53 हजार 348 सीटें थीं, जो आज 84 हजार 649 हो गई हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या साल 2014 में 23 हजार थी, जो अब 44 हजार तक आ गई है। 16 नए एम्स श्रेणी के कॉलेज भी 2025 तक शुरू कर देने की बात है। कॉलेजों में अधिकतम दाखिलों की संख्या 150 से बढ़ा कर 250 करने सहित आधारभूत सरंचनाओं एवं शिक्षकों के स्तर पर तमाम सुविधाजनक प्रावधान अमल में लाए जा रहे हैं। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी इस संख्यात्मक वृद्धि का फायदा देश में समानुपातिक रूप से नहीं मिल पा रहा है। समावेशी उपलब्धता के नजरिये से जमीनी हकीकत निराशाजनक है। देश में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या में बढ़ोतरी एक खतरनाक असंतुलन और खर्चीली स्वास्थ्य प्रणाली को भी जन्म दे रही है। चिकित्सा शिक्षा की तस्वीर के दूसरे पक्ष पर भी गौर करना होगा। जिन राज्यों को विकास के पैमाने पर फिसड्डी माना जाता है, वहां चिकित्सा शिक्षा के मामले में पिछड़ापन सात दशक बाद भी कम नहीं हो रहा है। बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे हिंदी भाषी राज्यों की लगभग 65 करोड़ आबादी पर एमबीबीएस सीटों की उपलब्धता केवल तीस फीसद है। यहां एमबीबीएस की कुल सीटें 25 हजार 325 हैं। इन राज्यों में कुल 176 मेडिकल कॉलेज हैं जिनमें 72 निजी और 104 सरकारी क्षेत्र के हैं। यानी महाराष्ट्र और छह दक्षिणी राज्यों के जितनी संख्या निजी कॉलेजों की है, लगभग उतनी ही संख्या इन दस राज्यों में कुल मेडिकल कॉलेज की है। नगालैंड देश का ऐसा राज्य है जहां एक भी कॉलेज नहीं है। पिछले लोकसभा सत्र में सरकार ने अपने एक जबाब में जानकारी साझा की है। अंडमान, जम्मू-कश्मीर, दादरा, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, गोवा मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, मेघालय को मिला कर 12 राज्यों में केवल तीन हजार दो सौ 57 एमबीबीएस सीटें हैं। पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा, पंजाब में मिला कर यह आंकड़ा 12 हजार 900 का है। गुजरात की सात करोड़ आबादी पर जहां पांच हजार 700 उम्मीदवारों को चिकित्सा शिक्षा में दाखिला मिलता है, वहीं बंगाल में दस करोड़ पर यह आंकड़ा केवल चार हजार 25 है। आंकड़ों से एक बात स्पष्ट है कि देश में मेडिकल कॉलेजों का वितरण असंतुलन का शिकार है। असल में चिकित्सा शिक्षा का यह असंतुलन तभी दूर हो सकता है जब हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य पर नीतिगत निर्णय लिया जाए। डेढ़ लाख वेलनेस सेंटरों की प्रामाणिक उपयोगिता डॉक्टरों के अभाव के चलते संदिग्ध ही रहेगी।

# महान स्वतंत्रता सेनानी महाराणा प्रताप

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया ( ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया रविवार विक्रम संवत 1597 तदनुसार 9 मई 1540 - 19 जनवरी 1597) उदयपुर, मेवाड में सिसोदिया राजपूत राजवंश के राजा थे।उनका नाम इतिहास में वीरता और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। महाराणा प्रताप सिंह ने मुगलों को कईं बार युद्ध में भी हराया।

उनका जन्म वर्तमान राजस्थान के कुम्भलगढ़ में महाराणा उदयसिंह एवं माता रानी जयवन्ताबाई के घर हुआ था। , 1576 के हल्दीघाटी युद्ध में 500 भील लोगो को साथ लेकर राणा प्रताप ने आमेर सरदार राजा मानसिंह के 80,000 की सेना का सामना किया। हल्दीघाटी युद्ध में भील सरदार राणा पूंजा जी का योगदान सराहनीय रहा। शत्रु सेना से घिर चुके महाराणा प्रताप को झाला मानसिंह ने आपने प्राण दे कर बचाया और महाराणा को युद्ध भूमि छोड़ने के लिए बोला। शक्ति सिंह ने अपना अश्व दे कर महाराणा को बचाया। प्रिय अश्व चेतक की भी मृत्यु हुई। हल्दीघाटी के युद्ध में और देवर और चप्पली की लड़ाई में प्रताप को सबसे बड़ा राजपूत और उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। मुगलों के सफल प्रतिरोध के बाद, उन्हें ÷मेवाड़ी राणा÷ माना गया। यह युद्ध तो केवल एक दिन चला परन्तु इसमें 17,000 लोग मारे गए। मेवाड़ को जीतने के लिये अकबर ने सभी प्रयास किये। महाराणा की हालत दिन-प्रतिदिन चिन्ताजनक होती चली गई। 24,000 सैनिकों के 12 साल तक गुजारे लायक अनुदान देकर भामाशाह भी अमर हुआ।

### जन्म स्थान

महाराणा प्रताप के जन्मस्थान के प्रश्न पर दो धारणाएँ है। पहली महाराणा प्रताप का जन्म कुम्भलगढ़ दुर्ग में हुआ था क्योंकि महाराणा उदयसिंह एवम जयवंताबाई का विवाह कुंभलगढ़ महल में हुआ। दूसरी धारणा यह है कि उनका जन्म पाली के राजमहलों में हुआ। महाराणा प्रताप की माता का नाम जयवंता बाई था, जो पाली के सोनगरा अखैराज की बेटी थी। महाराणा प्रताप का बचपन भील समुदाय के साथ बिता , भीलों के साथ ही वे युद्ध कला सीखते थे , भील अपने पुत्र को किका कहकर पुकारते है इसलिए भील महाराणा को कीका नाम से पुकारते थे। लेखक विजय नाहर की पुस्तक हिन्दुवा सूर्य महाराणा प्रताप के अनुसार जब प्रताप का जन्म हुआ था उस समय उदयसिंह युद्ध और असुरक्षा से घिरे हुए थे। कुंभलगढ़ किसी तरह से सुरक्षित नही था। जोधपुर का राजा मालदेव उन दिनों उत्तर भारत मे सबसे शक्तिसम्पन्न था। एवं जयवंता बाई के पिता एवम पाली के शासक सोनगरा अखेराज मालदेव का एक विश्वसनीय सामन्त एवं सेनानायक था। इस कारण पाली और मारवाड़ हर तरह से सुरक्षित था। अतः जयवंता बाई को पाली भेजा गया। वि. सं. ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया सं 1597 को प्रताप का जन्म पाली मारवाड़ में हुआ। प्रताप के जन्म का शुभ समाचार मिलते ही उदयसिंह की सेना ने प्रयाण प्रारम्भ कर दिया और मावली युद्ध मे बनवीर के विरूद्ध विजय श्री प्राप्त कर चित्तौड़ के सिंहासन पर अपना अधिकार कर लिया।

### हल्दीघाटी का युद्ध

यह युद्ध 18 जून 1576 ईस्वी में मेवाड़ तथा मुगलों के मध्य हुआ था। इस युद्ध में मेवाड़ की सेना का नेतृत्व महाराणा प्रताप ने किया था। भील सेना के सरदार राणा पूंजा भील थे। इस युद्ध में महाराणा प्रताप की तरफ से लड़ने वाले एकमात्र मुस्लिम सरदार थे- हकीम खाँ सूरी. लड़ाई का स्थल राजस्थान के गोगुन्दा के पास हल्दीघाटी में एक संकरा पहाड़ी दर्रा था। महाराणा प्रताप ने लगभग 3,000 घुड़सवारों और 400 भील धनुर्धारियों के बल को मैदान में उतारा। मुगलों का नेतृत्व आमेर के राजा मान सिंह ने किया था, जिन्होंने लगभग 5,000-10,000 लोगों की सेना की कमान संभाली थी। तीन घण्टे से अधिक समय तक चले भयंकर युद्ध के बाद, महाराणा प्रताप ने खुद को जख्मी पाया जबकि उनके कुछ लोगों ने उन्हें समय दिया, वे पहाड़ियों से भागने में सफल रहे और एक और दिन लड़ने के लिए जीवित रहे। मेवाड़ के हताहतों की संख्या लगभग 1,600 पुरुषों की थी। मुगल सेना ने



3500-7800 लोगों को खो दिया, जिसमें 350 अन्य घायल हो गए। इसका कोई नतीजा नही निकला जबकि वे(मुगल) गोगुन्दा और आस-पास के क्षेत्रों पर कब्जा करने में सक्षम थे, वे लंबे समय तक उन पर पकड़ बनाने में असमर्थ थे। जैसे ही साम्राज्य का ध्यान कहीं और स्थानांतरित हुआ, प्रताप और उनकी सेना बाहर आ गई और अपने प्रभुत्व के पश्चिमी क्षेत्रों को हटा लिया। इस युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व मानसिंह तथा आसफ खाँ ने किया।

इतिहासकार मानते हैं कि इस युद्ध में कोई विजय नहीं हुआ। पर देखा जाए तो इस युद्ध में महाराणा प्रताप सिंह विजय हुए। अकबर की विशाल सेना के सामने मुट्ठीभर राजपूत कितनी देर तक टिक पाते, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ, ये युद्ध पूरे एक दिन चला और राजपूतों ने मुग़लों के छक्के छुड़ा दिया थे और सबसे बड़ी बात यह है कि युद्ध आमने सामने लड़ा गया था। महाराणा की सेना ने मुगलों की सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया था और मुगल सेना भागने लग गयी थी।

### समर्पण विचार

वह जंगल में लौट आया और अपनी लड़ाई जारी रखी। टकराव के उनके एक प्रयास की विफलता के बाद, प्रताप ने छापामार रणनीति का सहारा लिया। एक आधार के रूप में अपनी पहाड़ियों का उपयोग करते हुए, प्रताप ने बड़े पैमाने पर मुगल सैनिकों को वहाँ से हटाना शुरू कर दिया। वह इस बात पर अड़े थे कि मेवाड़ की मुगल सेना को कभी शान्ति नहीं मिलनी चाहिए÷ अकबर ने तीन विद्रोह किए और प्रताप को पहाड़ों में छुपाने की असफल कोशिश की। इस दौरान, उन्हें प्रताप भामाशाह से सहानुभूति के रूप में वित्तीय सहायता मिली। अरावली पहाड़ियों से बिल, युद्ध के दौरान प्रताप को अपने समर्थन के साथ और मोर के दिनों में जंगल में रहने के साधन के साथ। इस तरह कई साल बीत गए।

### दिवेर-छापली का युद्ध

राजस्थान के इतिहास 1582 में दिवेर का युद्ध एक महत्वपूर्ण युद्ध माना जाता है, क्योंकि इस युद्ध में राणा प्रताप के खोये हुए राज्यों की पुनः प्राप्ती हुई, इसके पश्चात राणा प्रताप व मुगलो के बीच एक लम्बा संघर्ष युद्ध के रुप में घटित हुआ, जिसके कारण कर्नल जेम्स टॉड ने इस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा है।

मेवाड़ के उत्तरी छोर का दिवेर का नाका अन्य नाकों से विलक्षण है। इसकी स्थिति मदारिया और कुंभलगढ़ की पर्वत श्रेणी के बीच है। प्राचीन काल में इस पहाड़ी क्षेत्र में गुर्जर प्रतिहारों का आधिपत्य था, जिन्हें इस क्षेत्र में बसने के कारण मेर कहा जाता था। यहां की उत्पत्यकाताओं में इस जाति के निवास स्थलों के कई अवशेष हैं। मध्यकालीन युग में देवड़ा जाति के राजपूत यहां प्रभावशील हो गये, जिनकी बस्तियां आसपास के उपजाऊ भागों में बस गई और वे उदयपुर के निकट भीतरी गिर्वा तक प्रसारित हो गई। चीकली के पहाड़ी भागों में आज भी देवड़ा राजपूत बड़ी संख्या में बसे हुए हैं। देवड़ाओं के पश्चात यहां रावत शाखा के राजपूत बस गये. महाराणा प्रताप छप्पन के पहाड़ी स्थानों में बस्तियां बसाने और मेवाड़ के समतल भागों में खेतों को उजाड़ने में व्यस्त थे त्यों अकबर दिवेर के मार्ग से उत्तरी सैनिक चौकियों का पोषण भेजने की व्यवस्था में संलग्न रहा। प्रताप की नीतियों छप्पन की चौकियों को हटाने में तथा मध्यभागीय मेवाड़ की चौकियों को निर्बल बनाने में अवश्य सफल हो गये, परंतु दिवेर का केंद्र अब भी मुगलों के लिए सुदृढ़ था। इस पृष्ठभूमि में दिवेर का महाराणा प्रताप का व मुगलों का संघर्ष जुड़ा हुआ था। इस युद्ध की तैयारी के लिए प्रताप ने अपनी शक्ति सुदृढ़ करने की नई योजना तैयार की। वैसे छप्पन का क्षेत्र मुगल से युक्त हो चला था और मध्य मेवाड़ में रसद के अभाव में मुगल चौकियां निष्प्राण हो गई थी अब केवल उत्तरी मेवाड़ में मुगल चौकियां व दिवेर के संबंध में कदम उठाने की आवश्यकता थी।इस संबंध में महाराणा ने गुजरात और मालवा की ओर अपने अभियान भेजना आरंभ किया और साथ ही आसपास के मुगल अधिकार क्षेत्र में छापे मारना शुरू कर दिया। इसी क्रम में भामाशाह ने, जो मेवाड़ के प्रधान और सैनिक व्यवस्था के अग्रणी थे, मालवे पर चढ़ाई कर दी और वहां से 2.3 लाख रुपए और 20 हजार अशर्फियां दंड में लेकर एक बड़ी धनराशि इकट्ठी की।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# प्रशासनिक सेवाओं में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता।

**रघु ठाकुर**

पिछले दिनों छत्तीसगढ राज्य के सूरजपुर जिले के तत्कालीन कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने लॉकडाऊन के बीच एक युवक को थप्पड़ मारा। वह युवक मास्क लगाया हुआ था और दवाईयां लेने जा रहा था। जब उसने अपना मोबाईल कलेक्टर महोदय को दिखाया तो उन्होंने उसे देखकर सड़क पर पटक दिया, जिससे मोबाईल भी टूट गया। याने कलेक्टर महोदय को वह सफाई भी स्वीकार्य नहीं थी जो छत्तीसगढ़ शासन ने अपने गाइडलाइन्स में जारी की थी और जिसे स्वत÷ कलेक्टर महोदय ने अपने कोरोना कर्यू या लॉकडाऊन लगाने के आदेश पत्र में लिखा था। इस आदेश पत्र में बाहर निकलने के लिए जिन बिंदुओं पर अनुमति प्रदान की जा सकती है उनमें एक बाजार से दवा लाना भी है और इसलिए चूंकि इंसान की जान को बचाने के लिए दवाएं जीवन रक्षक है, अत÷ दवा की दुकानों को खुला रखने का आदेश दिया गया था। दवा की दुकानों को तो ना केवल कर्यू में बल्कि जनता के द्वारा आयोजित बंदों में भी बंद से मुक्त रखा जाता है।

कलेक्टर महोदय के द्वारा थप्पड़बाजी के बाद पुलिस कैसे शाँत रहती और पुलिस के जवानों ने भी कलेक्टर की इच्छा को समझकर उस नौजवान की अकारण डंडों से पिटाई की। हालांकि जब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया देते हुए कलेक्टर के द्वारा मारपीट को गलत ठहराया और कलेक्टर को हटाने का आदेश दे दिया। बाद में छत्तीसगढ़ के आई.ए.एस. ऑफिसर्स एसोसिएशन ने भी कलेक्टर के आचरण को गलत करार दिया और उसके लिए सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त किया। इसके बाद कलेक्टर महोदय की भी आत्मा कुछ जागी और उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर माफी माँगी तथा युवक को दूसरा नया मोबाईल देने को भी कहा। कलेक्टर को किसी को एक नया मोबाईल देना कोई कठिन काम नही है और वह भी रणवीर शर्मा जैसे कलेक्टर को जो इसके पहले बस्तर में थे तब उनके मातहत द्वारा 10,000/- रूपये की रिश्वत लेने का आरोप उन पर लगाया गया था और इसके बाद वे वहां से हटाए गए थे।

इन दिनों आई.ए.एस. अधिकारियों, पी.सी.एस. अधिकारियों द्वारा कानून हाथ में लेकर खुद मारपीट की घटनाएं कुछ ज्यादा बढ़ रही है इस प्रकार की घटनायें न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि देश के अनेक राज्यों में ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। वर्ष 2019 में म.प्र. में कांग्रेस सरकार थी और श्री कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तब ब्यावरा में भाजपा के एक प्रदर्शन में जिसमें स्थानीय विधायक और सांसद शामिल थे पर वहां की कलेक्टर महोदया ने स्वत÷ अपने हाथ से मारपीट की थी। चूंकि उस समय भाजपा विरोध में थी अत÷ कमलनाथ सरकार ने कलेक्टर महोदय को हटाने से भी इंकार कर दिया, कार्यवाही तो दूर की बात है। और बाद में जब कांग्रेस सरकार गिर गई तथा भाजपा सरकार वापिस आई तब उन्हें हटाया गया। हालांकि हटाने के अलावा उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही हुई यह किसी को ज्ञात नहीं है क्योंकि शायद हुई ही नहीं।

अभी दो दिन पूर्व 23 मई को शाजापुर में एक एस.डी.एम. महोदय ने एक युवक को दो चांटे मारे। यद्यपि इस घटना में युवक की यह गलती थी कि वह मास्क नहीं लगाया था और शहर में दुकान खोलकर चला रहा था। जिसे देखकर एस.डी.एम. महोदय सुश्री राय इतनी आक्रोशित हो गई कि उन्होंने अपने हाथ से मार पीट कर दी। इस घटना के बाद एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामने आया कि जो मित्र लोग सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा की आलोचना कर रहे थे और उन पर कार्यवाही की माँग कर रहे थे शाजापुर की घटना पर एक दम चुप है। क्या इसका कारण राजनैतिक दल है कि छ.ग. में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और म.प्र. में भाजपा सरकार है, याने दलीय जातिवाद प्रभावी हो रहा है या दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि शाजापुर में पिटने वाला युवक मुसलमान है। संभव है कि यह सांप्रदायिक सोच भी इस भेदभाव का कारण हो सकता है। हालांकि इस प्रकार की घटनाओं की एक स्वर से निंदा होना चाहिए। जिला दण्डाधिकारियों और कानून व्यवस्था लागू करने वाले अधिकारियों को बल प्रयोग के अधिकार, संविधान और कानून में दिये गए हैं, परंतु यह अधिकार बल प्रयोग करने का आदेश देने के है न कि स्वत÷ बल प्रयोग करने के है। कलेक्टर समुचित स्थितियां होने पर लाठी, गोली चलाने का आदेश दे सकता है परंतु उसे खुद लाठी गोली चलाने का अधिकार नहीं है। ऐसी स्थिति व्यवहारिक रूप से भी जोखिम भरी है, क्योंकि खुद बल प्रयोग में अगर कभी डी.एम. - एस.पी. या बड़ा अधिकारी चोटिल हो जाए तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते है।

# ...और अब फिर मिला काँग्रेस कथा का प्रसाद...?

### सूडोकु नवताल-5740

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5739 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**(भाजपा का 'अश्वमेघ यज्ञ'.... )**

भारतीय जनता पार्टी पिछले सात साल से अपने प्रमुख राजनीतिक पण्डित नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत पर विजय पताका फहराने के लिए ÷अश्वमेघ यज्ञ÷ का आयोजन कर रही है, बरीक सवा साल पहले कांग्रेस की एक ज्योति (ज्योतिरादित्य सिंधिया) प्रज्वलित कर महायज्ञ में जीत के लिए आहुतियां डाली जा रही थी, उस ज्योति को प्रज्वलित कर अनुष्ठान करने से मध्यप्रदेश की सरकार का नैबैध भाजपा को मिल गया और अब इस 'महायज्ञ' की सफलता हेतु भाजपा को कांग्रेस का 'प्रसाद' मिल गया है। इस प्रसाद को ग्रहण कर भाजपा की उम्मीद है कि उसे अगले चुनाव में उत्तरप्रदेश फिर से मिल जाएगा, इसी उम्मीद में उसने इस 'कांग्रेसी प्रसाद' (जितिन प्रसाद) को शिरोधार्य कर लिया है। भाजपा को यह उम्मीद भी है कि पार्टी के हवाई जहाज को मरूभूमि (राजस्थान) में उड़ाने के लिए एक युवा 'पायलट' भी शीघ्र ही मिल जाएगा, उसके बाद पार्टी हवा से बात करने की महारत हासिल कर लगी।

....किंतु आज यहां सवाल भाजपा के मजबूत होने का नहीं बल्कि कांग्रेस के कमजोर होने का है, कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जिसकी उम्र करीब डेढ़ सौ साल है, जबकि भारतीय जनता पार्टी उसकी पौती के उम्र की अर्थात् 41 साल की है, कांग्रेस का इतिहास स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद करीब



साठ साल देश पर राज करने का है और इस अवधि में देश के करीब-करीब सभी राज्यों पर कांग्रेस ने 'एकछत्र' राज किया, किंतु अब अपनी उम्र के इस पड़ाव पर उसकी ठीक से देखरेख के अभाव में वह काफी गंभीर रूप से बीमार हो गई है और पुरानी यादों के 'वेंटिलेटर' पर आखरी सांसे गिन रही है, पार्टी को इस स्थिति में पहुंचाने के मुख्य दोषी इसके संचालनकर्ता है, नेहरू के बाद उनकी बेटी इंदिरा ने इसे पूरे जोश-खरोश व दबंगता से चलाया, इंदिरा जी के बाद उनके 'पॉयलट' बेटे राजीव ने भी राजनीतिक अनुभव व ज्ञान नहीं होने के बावजूद बखूबी चलाया, किंतु राजीव की हत्या के बाद कांग्रेस जो लड़खड़ाई तो वह आज तीस वर्ष गुजर जाने के बाद भी ठीक से संभल नहीं पा रही है, विदेशी बहू (सोनिया) व उनका अज्ञानी बेटी (राहुल) इसे पतन के गहरी गुफा में धक्का देने से चुक नहीं रहे है और जिस तरह डूबते जहाज से सबसे पहले मूषकराज जहाज छोड़कर भागते है, उसी तरह इस पार्टी की युवा पीढ़ी एक के बाद एक कांग्रेस के डूबते जहाज को छोडकर भाग रहें हैं और यह सिलसिला अंतहीन प्रतीत हो रहा है क्योंकि ज्योतिरादित्य और जितिन प्रसाद के बाद अब सचिन पायलट भागने वालों की कतार में सबसे आगे खड़े है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इस पार्टी की सिर्फ युवा पीढी ही नहीं बुजुर्ग पीढी भी पार्टी के वर्तमान कर्ताधर्ताओं से परेशान होकर अपने घरों में बैठने को मजबूर है। गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल आदि अनेक वरिष्ठ नेता है, जो यह दंश झेल रहे है। दुःख तो इस बात का है कि सोनिया गांधी पिछले तीन दशक से पार्टी अध्यक्ष रहने के बावजूद राजनीति को समझ नही पाई और उनके पुत्रमोह की उन्होने पार्टी से अधिक वरियता दी और पार्टी दिनों-दिन अंधेरे गर्त में गिरने को मजबूर होती चली गई, उसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी की सत्ता तीन चार राज्यों तक ही सिमट कर रह गई और 'हायकमान' की धमक खत्म हो जाने से ये मुट्ठी भर राज्य भी टूटने के कगार पर खड़े हो गए है। ....और इसकी भी किसी को कोई चिंता नहीं है। अब इसका परिणाम यह सामने आ रहा है कि पोती (भाजपा) अपनी दादी (कांग्रेस) की राष्ट्रीय स्तर की विरासत को छीनने की तैयारी में है, और चूंकि देश में कांग्रेस व भाजपा के अलावा कोई तीसरी पार्टी को 'राष्ट्रीय स्तर का दर्जा' प्राप्त नहीं है, क्योंकि वे सब अपने-अपने राज्यों तक ही सीमित है।

## ईश्वरीय संदेश का अदभुत पत्र है मुरली

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

यूँ तो प्राय हर धार्मिक संस्था जीवन के लिए उपयोगी और परमात्मा का चिंतन करने के लिए अपने अपने माध्यम से कुछ न कुछ संदेश, प्रेरक कथाये, धर्म पुराणों से जुडी बाते परोसते है. लेकिन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक ऐसी अनूठी आध्यात्म ज्ञान और चरित्र निर्माण की संस्था है जहां प्रतिदिन एक ऐसा पत्र जारी होता है जिसे ईश्वरीय वाणी यानि मुरली कहा जाता है7इस मुरली रूपी पत्र मे परमात्मा सीधे अपने बच्चो अर्थात इस संगम युगी आत्माओ से संवाद करते है यह मुरली विभिन्न भाषाओ मे छपकर दुनिया के 140देशो मे एक साथ प्रसारित होती है. मुरली की भाषा कोई भी हो लेकिन सबमे विचार एक ही होता है मजेदार बात यह भी है कि यह मुरली प्राय दुनिया मे सब जगह स्थानीय समय के अनुसार सुबह, दोपहर, शाम एक ही समय पर पढ़ी व सुनाई जाती है इस मुरली जो कि चार पृष्ठों मे समाहित होती है, मे जीवन की हर समस्या का समाधान भी सहज ही मिल जाता है यदि आप रोज मुरली सुनते या पढ़ते है तो आपके मन मे कोई भी शंका, समस्या, प्रश्न पैदा होता है तो उसका उत्तर आपको हर हालत मे मुरली के



अंदर ही मिल जाएगा इसके लिए अलग से किसी शिक्षक, गुरु, संत, महात्मा के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी मुरली मे पांचो विकारो से मुक्ति के उपाय सुझाये जाते है तो इन विकारो को छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया जाता है सबसे बड़ी बात यह है कि मुरली किसी धर्म विशेष का प्रचार नहीं करती, मुरली मे हिन्दू सनातन. मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध आदि धर्मो की विशेषताओं और उनके प्रति सम्मान भी अभिव्यक्त किया जाता है तभी तो इस संस्था मे सभी धर्मो से जुड़े लोग श्रद्धा भाव के साथ दौड़े चले आते है दरअसल मुरली हमें वास्तविक गीता का ज्ञान देती है, जो परमात्मा शिव के द्वारा रचित है इस मुरली मे हर रोज नए विषय पर ज्ञान चर्चा होती है और मनुष्य के आदि, मध्य, अंत के बारे मे बताया जाता है वास्तव मे मनुष्य है क्या? वह कहा से आता है, कहा चला जाता है परमात्मा कौन है, उसका क्या स्वरूप है, परमात्मा का आत्मा से क्या संबंध है।

## नैनो न्यूज

### कांग्रेस नेता चन्दन चौधरी ने तेल के बड़े मूल्य वापस लेने की मांग की



**पुष्पांजली टुडे, साहिबगंज।** तालझारी कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष चन्दन कुमार चौधरी ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल है।अडानी अम्बानी को फायदा पहुँचाने के लिए देश के लोगो पर जबरन महगाई थोपने का काम केंद्र सरकार कर रही है।चंदन चौधरी ने कहा कि पिछ्ले 13 महीनों में पेट्रोल की कीमत में 25 रुपये से ज्यादा एवं डीजल की कीमत में 24 रुपये की ब?ोतरी हुई है।और इस ब?ोतरी का मुख्य कारण है कि केंद्र सरकार ने लगातार उत्पादन शुल्क में वृद्धि की है।श्री चौधरी ने कहा कि 2014 में कांग्रेस के शासनकाल में जहाँ पेट्रोल में 9 रुपये के लगभग उत्पादन शुल्क लिया जाता था।अब 32 रुपये के करीब उत्पाद शुल्क लगाया जा रहा है।साथ ही डीजल में जहाँ 2014 में 3 रुपया उत्पादन शुल्क लगाया जाता था।अब वर्तमान में केंद सरकार द्वारा 30 रुपया से ज्यादा उत्पादन शुल्क लिया जा रहा है।और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम होने के वावजूद लगातार पिछ्ले तीन चार महीनो में 40 बार से ज्यादा पेट्रोल डीजल के मूल्यों में वृद्धि हुई है।श्री चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मामले में गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए उत्पादन शुल्क घटाने पर निर्णय ले।

### कलेक्टर ने ब्रांच मैनेजर व समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर डीएपी एवं यूरिया उठाव की समीक्षा की

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे। भिण्ड (ब्यूरो)।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में जिले के



सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर, समिति प्रबंधकों की बैठक ली। बैठक में आरओ जारी की जाकर डीएपी एवं यूरिया खाद के उठाव की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त सहकारिता रविशंकर गौर, डीएम मार्फेड के अलावा जिले के सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के सभी सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं समिति प्रबंधकों से एक-एक कर डीएपी एवं यूरिया खाद की आरओ जारी व उठाव के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी ब्रांच मैनेजर व समिति प्रबंधकों से कहा कि प्रत्येक समिति पर 15 मै.टन डीएपी एवं 10 मै.टन यूरिया का उठाव कर स्टॉक में रखना सुनिश्चित करें। जिस समिति के द्वारा 15 मै.टन डीएपी एवं 10 मै.टन यूरिया की यदि आरओ कम जारी की गई है और उठाव कम हुआ है तो उसको 15 मै.टन डीएपी के हिसाब से एवं 10 मै.टन यूरिया के हिसाब से आरओ जारी कर उठाव होना चाहिए इसकी मेरे द्वारा अगली बैठक में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने डीएम मार्फेट को निर्देश दिए कि अवकाश के दिनों में भी गोडाउन खुलवाकर समिति प्रबंधकों को उर्वरक का उठाव किया जाना सुनिश्चित करें।

### भागीरत जाट परिवार की तरफ से 21 हजार रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष में सुपुर्द किये



चैन्नई। तामीलनाडु मुख्यमंत्री राहत कोष मे देने के लिए भागीरत जाट चौधरी पेरीयपालीयम ने अपने परिवार कि तरफ सु 21000/रुपये तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के प्रदेश महासचिव नरेशपुरी गोस्वामी सघंठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आणदप्रकाश शर्मा को सुर्फद किया इस कार्यक्रम मे भागीरत जाट चौधरी के परिवार के सभी सदस्य मोजुद थे।

# सीरवी समाज जोधपुर संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 52 लोगो ने किया रक्तदान





पुष्पांजली टुडे

जोधपुर। कोरोना महामारी के दौरान हमारे कई निकटतम सगे सम्बन्धिगणो, रिस्तेदारो एवं चित परिचित मित्रगणो का असामयिक निधन हुआ है,जो निःसन्देह सम्पूर्ण मानव जाति के लिए घोर क्षति है। विषम परिस्थितियों के मध्य नजर हम हमारी बुनियादि परम्पराओं के निर्वहन करने मे भी असमर्थ रहे, अर्थात देहान्त होने वालो के अंतिम संस्कार, बैठक अथवा बारहंवा पर उपस्थित होकर प्रभावित परिवार को सांत्वना तक भी नही दे सके, जबकि यह हमारा परम नैतिक दायित्व है।

ईश्वर की कृपा से वर्तमान मे कुछ परिस्थितियां सामान्य हुई है अतः हमारी बुनियादि परम्पराओं के निर्वहन के अन्तर्गत इस दुखान्तिका मे देवलोकगमन हुए व्यक्तियों की दिवगंत अमर आत्माओं को शान्ति प्रदान करने एवं शोक संतप्त परिजनो के प्रति संवेदना प्रकट कर उन्हे सम्बल बंधाने के क्रम मे सीरवी समाज जोधपुर के तत्वावधान मे एकलव्य ऐकेडमी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, प्रेम नगर, बनाड़ रोड़ जोधपुर मे रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमे कुल 52 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को सविनय सादर श्रद्धांजली अर्पित की गई शिविर मे रक्तदाताओं का मनोबल बढाने के क्रम मे जो.वि.वि.नि.लि. के सेवानिवृत मुख्य अभियंता महोदय गोपाराम सीरवी साहब तथा वरिष्ठ समाज सेवी पन्नालाल हाम्बड़,नारायणलाल बर्फा, जगदीशचन्द्र आगलेचा, रतनलाल लेरचा साहब के साथ ही सीरवी नवयुवक मण्डल परगना समिति बिलाड़ा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण भी उपस्थित हुए व नवयुवकगणो ने रक्तदान किया डॉ. रमेश सीरवी (सहायक आचार्य, मेडिसन) व डॉ. नवीन सीरवी (न्यूरोलॉजिस्ट) ने रक्तदान का महत्व बताते हुए स्वंय ने भी रक्तदान किया तथा डॉ. प्रकाश चौधरी (हृदय रोग विशेषज्ञ) के साथ तुलसाराम सीरवी (मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडोर) इत्यादि स्थानीय वरिष्ठ नागरिको ने उपस्थित होकर रक्तदान तथा वर्तमान कोरोना महामारी से बचाव बाबत जानकारी दी

संस्थान के व्यवस्थापक- माधुराम चोयल, सचिव- ओमप्रकाश पंवार, कोषाध्यक्ष- प्रभुराम राठौड़, पूर्व अध्यक्ष- गोविन्दराम मेरावत व सदस्यगण बाबुलाल मुलेवा, गणपतलाल चोयल, चेतनप्रकाश चोयल, रुपाराम राठौड़ इत्यादि ने रक्तदाताओं के साथ ही गणमान्य अतिथिगणो का स्वागत किया।

## पक्की छत ना होने से झोपड़ी में रहने को मजबूर

### नही मिला सरकारी लाभ

कंचौसी, औरैया।



केंद्र व राज्य सरकार हर गरीब परिवार को आवासीय योजना का लाभ देने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत है कि अभी तमाम गरीब परिवार के लोगों को पक्की छत नसीब नहीं हुई। वह खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। उनकी गृहस्थी झोप?ी में रखी है। वह किसी तरह अपना जीवन गुजार रहे हैं। कुछ दिनों में बारिश की शुरूआत होने वाली है। ऐसे में उनके सामने जिदगी गुजारना कठिन होगा। गरीब परिवार के लोगों को अपनी छत कब मिलेगी इसको लेकर कुछ अनुमान लगाना कठिन है। उनके पास आय का इतना भी साधन नहीं है कि वह पेट भर खा सकें। ऐसे में पक्की छत सिर्फ सपना रह गया है।विकास खंड सहार से चौदह किमी की दूरी पर बसा ढिकियापुर गांव व उसके तीन मजरों में करीब चार हजार लोग निवास करते हैं। यहां का विकास सिर्फ सरकारी दस्तावेजों में दिख रहा है। गांव की हालत बेहद खराब है। यहां पर रहने वाले गरीब परिवारों की स्थिति और दयनीय है। इनके पास न तो पक्की छत है और न ही शौचालय व अन्य जरूरी योजनाओं का लाभ इनको मिला है। लोगों के घरों की हालत सरकारी विकास की पोल खोल रही है। गांव के रामनाथ कठेरिया मजदूरी कर गुजर बसर करते हैं। उसके छत पर छप्पर डाल रखी है। शौच क्रिया के लिए बाहर खेतो में जाते हैं।रामनाथ ने बताया कि वह मजदूरी करके पत्नी व बच्चो का भरण पोषण करते हैं। उनकी कमाई पर ही परिवार पूरी तरह से आश्रित है। अकेले की कमाई से पेट भरना ही कठिन हो रहा है। स्वयं एवं परिवार के रोटी का प्रबंध तो किसी तरह हो रहा है, लेकिन रहने के लिए उनके पास पक्की छत नहीं है। पालीथिन के नीचे गृहस्थी रखकर गुजारा कर रहे हैं। इतना ही नही एक ल?की विवाह योग्य हो चुकी है।रामनाथ ने बताया उसने आवासीय लाभ के लिए सचिव समेत ब्लाक के अधिकारियों से मांग की, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई। उसने जिलाधिकारी से आवास दिलवाए जाने की मांग की ।

## डीएम, एसएसपी के कुशल नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

### जनपद में रिक्त 13 पदों हेतु 20 बूथों पर हुआ मतदान,



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, एटा।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद एटा के विकासखण्ड जैथरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दतौली के 4 बूथों पर एवं बहगां ग्राम पंचायत के 5 बूथों पर ग्राम प्रधान पद हेतु तथा विकासखण्ड अलीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सदस्य के 8 पद, क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक पद हेतु 9 बूथों पर मतदान जारी है, तो वहीं सकीट विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत 2 ग्राम पंचायत सदस्यों हेतु 2 बूथों पर मतदान सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय मतदाताओं ने निर्भीक होकर बिना किसी डर के अपने मत का प्रयोग किया। रिक्त पदों हेतु हुए मतदान की मतगणना 14 जून को होगी।

## पुलिस ने गिरफ्तार किए आरोपी, एक 12 बोर कट्टा दो राउंड जब्त , 18 घंटे में किया लूट का पर्दाफाश लूट के दो आरोपी किये

विवेक सेन रिपोर्टर



इंदरगढ़ / श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला दतिया श्री अमन सिंह राठौर द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं गंभीर अपराधों के निराकरण हेतु जारी निर्देशों के पालन में एवं श्री कमल मौर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्री उपेंद्र कुमार दीक्षित एसडीओपी महोदय सेवड़ा के मार्गदर्शन में थाना इंदरगढ़ द्वारा दिनांक 10/6/21 को घटित हुई लूट की घटना के आरोपियों की तलाश पतारसी टीम बनाकर की गई इस दौरान दिनांक 11/6/21 को ग्राम दभैरा के पास पुलिया कामद रोड से आरोपी प्रवीण उर्फ पिंटू पुत्र राजेश कुमार गुप्ता उम्र 19 साल निवासी सूरापारा थाना इंदरगढ़ को मय एक 12 बोर का कट्टा व दो जिंदा राउंड गिरफ्तार किया गया आरोपी से गिरफ्तारी उपरांत थाना लाकर हिकमतअमली से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा दिनांक 10/6/21 को अपने अन्य दो साथियों धर्मेंद्र कुशवाहा, माखन विश्वकर्मा निवासीगण सूरापारा के साथ मिलकर वेयरहाउस पुलिया के पास इंदरगढ़ में लूट करना बताया आरोपी प्रवीण गुप्ता से लूटे गए माल से 1000 रुपए नगदी एवं 1 पर्स एवं आधार कार्ड एवं गिरफ्तारशुदा दूसरे आरोपी धर्मेंद्र कुशवाह से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और महिला की एक जोड़ी तोडिया ?300 जप्त किए गए। कार्यवाहीं में निरीक्षक वाईएस तोमर थाना प्रभारी इंदरगढ़ उपनिरीक्षक अमित ओसारे सहायक उपनिरीक्षक कमल किशोर प्रधान आरक्षक इरशाद खान प्रधान आरक्षक कामेश गौतम आरक्षक राजपाल गुर्जर आरक्षक रमेश अर्गल सैनिक अजय यादव अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अच्छे कार्य के लिए पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई ।

## दतिया मध्य प्रदेश जरूरतमंद तक यह किट पहुंचाना उद्देश्य है: शिवम

संदीप प्रधान उप संपादक

**दतिया और सभी से घर पर रहने का आग्रह भी किया अभय**

**युवा गहोई सेना द्वारा श्रीजी कोरोना सुरक्षा किट बांटी गईं।**



युवा गहोई सेना दतिया द्वारा वार्ड 33 में जिला संगठन मंत्री शिवम गुप्ता के नेतृत्व में गरीब, जरूरतमंद परिवारों के बीच घर घर जाकर लोगों का आक्सीजन थर्मल मशीन व टेंपेरेचर मशीन से सभी का स्वास्थ्य चैकअप किया गया तथा सदस्यों द्वारा श्री जी कोरोना सुरक्षा किट (मास्क, सेनिटाइजर,सामान्य टेबलेट) का सभी को वितरण किया गया तथा सदस्यों द्वारा सभी से मास्क लगाने की अपील की गई। दतिया के लोकप्रिय युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी ने सभी से घर पर रहने का आग्रह किया तथा जरूरी काम हो तभी सभी निकले क्योंकि कोरोना से लड़ाई अभी खत्म नही हुई आप सभी के सहयोग से ही कोरोना पर जल्द पूरी तरह विजय प्राप्त की जायेगी। आगे शिवम गुप्ता ने बताया कि यह किट निरंतर बेसहारा, गरीब, जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जायेगी। तथा आज से इसका वितरण कार्य शुरू हो गया है आज युवा गहोई सेना दतिया के सदस्यों ने लगभग कई घरो तक किट पहुंचाई है। इस अवसर पर सुमित गुप्ता, आयुष गुप्ता, अभय नेताजी, अफजल खान, कौशल पाठक, शिवम गुप्ता तथा वार्ड वासी व युवा उपस्थित रहे।

## अतिक्रमणकारियों पर चला नगरपालिका का चाबुक

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जिला मुख्यालय पर प्रमुख बाजारों में दुकानदारों द्वारा लगातार अतिक्रमण लगाए जाने की शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका परिषद के ईओ डॉ दीप कुमार वार्ष्णेय ने नगर पालिका प्रशासन को साथ में लेकर नगर के प्रमुख बाजारों एवं मुख्य मार्गो पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों का तीन हजार रुपए का चालान काट कर जुर्माना वसूल किया।

अतिक्रमण हटाए जाने की सूचना मिलते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन को साथ लेकर नगर पालिका परिषद एटा के ईओ दीप कुमार वार्ष्णेय ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी और कहा कि अगर कल रविवार दोपहर तक उन्होंने अपना सामान और अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी और उनके सामान को जब्त भी किया जाएगा।

आपको बता दें मानसून और आगामी बरसात को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन शहर में नालों की सफाई करा रहा है, इस दौरान अतिक्रमणकारियों ने नालों के ऊपर भी अपना अतिक्रमण कर रखा है। जिससे सफाई कर्मियों को नालों की सफाई करने में खासी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्या के मद्देनजर आज नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

## बालराई कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया

नेनाराम सिरवी ब्यूरो



पाली। रानी ब्लाक के ग्राम पंचायत बालराई के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी रानी के निर्देशानुसार 18-44 वर्ग के व्यक्तियों को कोरना व्यक्ति के लगाने के लिए शिविर आयोजित किया गया।चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते कोराना प्रकोप के मामलों को रोकने के लिए लगातार ब्लॉक के अलग-अलग ग्राम पंचायत स्तर पर वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है । जिले के रानी ब्लॉक के अलग-अलग स्थानों पर 45+और युवाओं को कोरोना वैक्सीन की प्रथम डोज की खुराक देने के लिए टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया सरपंच केसाराम कुमावत ने बताया कि उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार पंचायत प्रशासन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगातार डोर टू डोर सर्वे करके कोराना वैक्सीनेशन शिविर के दौरान टीके लगाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित किया। जिसमें 220 कोरोना वैक्सीन के टीके लगाए गए। टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया गया। इस मौके पर पी ओ पर्वत सिंह राजपुरोहित वैक्सीनेशन शिविर प्रभारी गिरधर गोपाल एएनएम ललिता कवर एलडीसी मोहन लाल मीणा बीएलओ रमेश परमार दिलीप गहलोत भरत मीणा हरीश कुमार आंगनवाड़ी कार्मिक जरा बी लोहार। देवी लखारा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छगनी राधा देवी कुमावत साथिन सोहनी देवी सहित मौजूद रहे।

## वार्डवासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा कबरबिज्जू

दबोह (अर्पित गुप्ता)



नगर दबोह में इन दिनों बिल्ली के जैसा दिखने वाला अजीब जानवर जिसे लोग कबरबिज्जू के नाम से जानते हैं देखने को मिल रहा है जिनकी संख्या अब नगर में बहुत हो चुकी है।दरअसल मामला दबोह नगर की यादव गली वार्ड नम्बर 07 का है यहां पर वार्डवासियों ने अपनी सूझबूझ से 3 घण्टे की क?ी मशक्कत के बाद कबरबिज्जू को पक?ा।वार्ड निवासी माधव यादव के द्वारा बताया गया कि मैंने इस जानवर को 4-5 दिन पहले पडोसी की छत पर देखा था जिसके बाद मैंने प?ोसी को सूचना भी दी थी जिसके बाद उन्होंने इस अजीबोगरीब जानबर के देखे जाने की सूचना स्थानीय थाना पुलिस,नगर परिषद व जिला वन विभाग को भी सूचना दी परन्तु उनकी तरफ से इस जानवर को पक?ने के लिए कोई रुचि व प्रतिक्रिया नही दिखाई गई।जिसके बाद शनिवार को हम लोगो ने दिन में इस जानवर को पुनः देखा तो फिर वार्ड के युवाओ ने मिलकर क?ी मशक्कत के बाद इस जानवर को पक?ा और दूर जाकर एक जंगल मे छो? दिया।फिलहाल तो वार्डवासियों ने युवाओ के इस नेक कार्य की सराहना की है और वहीं प्रशासन से उनकी लापरवाही की नाराजगी भी जाहिर की है।

## पाली प्रधान ने भावरी मे किया कोरोना वारियस का सम्मान



**नेनाराम सिरवी ब्यूरो।** पाली/निकटवर्तीभांवरी पंचायत मुख्यालय पर कोरोना काल मे दिन रात काम करने वाले शिक्षा चिकित्सा व पंचायत राज विभाग के कर्मचारियों का पाली *प्रधान मोहनी पुखराज पटेल* ने माला पहनाकर स्वागत किया व जनता की सेवा करने पर सभी का आभार जताकर वहा 18+ के युवाओ का टीकाकरण मे अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने का आह्वान किया इस मौके पर भाजपा किसान नेता पुखराज पटेल गुंदोज मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल,सरपंच सुनीता त्रिवेदी, उप सरपंच महंत ज्ञानदास जी उपाध्यक्ष दलाराम ,दिलीप पटेल ,तेजसिंह राजपुरोहित, वार्ड पंच भुंडाराम, दुर्गाराम , लक्ष्मण भुरीया ,जोताराम देवासी डायाराम पटेल, पुनाराम सुथार गोपाराम पटेल , पदमाराम देवासी गणेश देवासी, मौजुद रहे। ।इस दौरान क्ष्द्द्रश्च क्ष्द्धड्ढठ्ठ2ड्ढद्ध श्री नंदलाल बारोलिया,क्ष्द्ध श्री छ्ड्डद्धक्ष्, भरत कुमावत, वरदाराम,ड्ढठ्ठद्ध श्यामा कुमारी, वार्ड पंच तारा देवी, वार्ड पंच भुंडाराम , भाकर राम देवासी आशा सहयोगिनी कंचन, पिंकी, रेखा , पंचायत सहायक ओमप्रकाश गर्ग, प्रभु राम परिहार, जालम सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित थे। प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ने कहा की ऐसी विकट परिस्थिति में भी इन वारियर्स ने गांव में रहते हुए अपना कार्य खूब अच्छे तरीके से किया । इस सभी ने कार्य करते हुए और इनके सहयोग से आज गांव में एक भी कोरोना पेसेंट नही हे । प्रधान पटेल ने कोराना योद्धाओं के सम्मान के दौरान कहा कि आपका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आगे भी इसी प्रकार आप आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए मदद करते रहे।

## जिला प्रशासन ने ठाना है भिण्ड को स्वच्छ बनाना है

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)। जिले में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर चलाए गए जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान के नतीजों से जाहिर है कि जिले में स्वच्छता को लेकर एक माहौल बन रहा है और इस मामले में बेहतर करने की इच्छा भी पैदा हो रही है।



जिला प्रशासन की पहल पर नगर पालिका अमले द्वारा स्वच्छता के लिए ब? पैमाने पर और योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा सैक?ों कर्मचारियों और आधुनिक मशीनों के जरिए सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाया जा रहा है। जिले में हर घर से कचरा उठाने के लिए नगर पालिका का वाहन प्रतिदिन पहुंचता है। रिहायशी इलाके में दिन में एक बार, जबकि व्यावसायिक इलाकों में दो बार कचरा कलेक्ट किया जाता है। जिला प्रशासन के निर्देशन में वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अमले द्वारा जिले के सभी वार्डों में नाली, नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है एवं स्वच्छ भारत मिशन को गति देने हेतु जिले में कई जगहों पर पड़ी गंदगी के लिए भी साफ-सफाई अभियान चलाया गया है।

## नैनो न्यूज

### हर खिलाड़ी को अवसर देना मेरा लक्ष्य था: द्रविड़



**नई दिल्ली(ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने कहा है कि जब वह भारत की अंडर-19 और ए स्तर की टीमों के कोच थे तब उन्होंने यह तय किया था कि दौरे पर जाने वाले हर खिलाड़ी को अवसर मिले। साथ ही कहा कि जब वह खेलते थे तब ऐसा नहीं होता था जिससे कई प्रतिभाएं सामने नहीं आ पातीं थीं। भारतीय टीम में आ रहे युवा प्रतिभाएं द्रविड़ के कोच रहते ही तराशी गयी हैं। वह अब अगले महीने शिखर धवन की कप्तानी में श्रीलंका के दौरे पर जाने वाली सीमित ओवरों की भारतीय टीम के कोच रहेंगे। द्रविड़ अब भारत ए और अंडर-19 टीमों के साथ नहीं जाते हैं लेकिन इसकी शुरुआत उन्होंने ही की थी कि दौरे पर जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को मैच खेलने का मौका जरूर मिले। द्रविड़ ने कहा , मैं खिलाड़ियों को पहले ही बता देता था कि यदि आप मेरे साथ ए टीम के दौरे पर आए हो तो फिर आप यहां से मैच खेले बिना नहीं जाओगे। जब मैं जूनियर स्तर पर खेलता था तो मेरे अपने अनुभव ऐसे नहीं थे। ए टीम के दौरे पर जाना और मैच खेलने का मौका न मिलना बहुत निराशाजनक होता था। उन्होंने कहा, आप अच्छा प्रदर्शन करते हो। आप 700-800 रन बनाते हो। आप टीम के साथ जाते हो और वहां आपको अपनी योग्यता दिखाने का मौका नहीं मिलता है तो पूरी मेहनत खराब हो जाती है। इसके बाद आपको चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए अगले सत्र में फिर से वे 800 रन बनाने होते हैं। द्रविड़ ने कहा, बारबार ऐसा करना आसान नहीं होता है, इसलिए इसकी कोई गारंटी नहीं कि आपको फिर से मौका मिलेगा। इसलिए आपको शुरू में खिलाड़ियों को कहना होता है कि यह सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं और हम इनके साथ खेलेंगे। भले ही यह सर्वश्रेष्ठ एकादश न हो। अंडर-19 स्तर पर हम मैचों के बीच पांच-छह बदलाव कर सकते हैं। द्रविड़ ने कहा कि भारतीय क्रिकेटरों को अब दुनिया में सबसे फिट माना जाता है लेकिन एक जमाना था जबकि उन्हें फिटनेस की पूरी जानकारी तक नहीं थी।

### प्रदर्शन, निरंतरता और तकनीक ही पूर्णता को परिभाषित करते हैं: विराट कोहली

**नई दिल्ली(ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन, निरंतरता और तकनीक ही पूर्णता को परिभाषित करती है। विराट 2015 से ऑडी इंडिया से जुड़े हुए हैं लेकिन उन्होंने अपनी पहली ऑडी कार 2012 में खरीदी थी। विराट कोहली ने कहा, चाहे वह स्टीयरिंग व्हील के पीछे हो या पिच पर हाथ में बल्ला लेकर खड़े हों, प्रदर्शन, निरंतरता और तकनीक ही पूर्णता को परिभाषित करती है। मैं औपचारिक रूप से ब्रांड से जुड़ने से पहले से ही ऑडी का प्रशंसक रहा हूं। ऑडी की कारें स्टाइल और स्पोर्टीनेस को दर्शाती हैं, जो पूरी तरह से मेरे व्यक्तित्व के अनुरूप है। विराट ने कहा- मैं ऑडी इंडिया के साथ अपने करार को जारी रखते हुए और इस ब्रांड परिवार का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह कहना सुरक्षित है कि ऑडी इंडिया के साथ मेरा रिश्ता सिर्फ एक टी20 से ज्यादा एक टेस्ट मैच का रहा है। गौर हो कि कोहली इस समय इंग्लैंड के साउथेम्प्टन में हैं जहां वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल की तैयारियां कर रहे हैं। भारतीय टीम 3 जून को इंग्लैंड पहुंची थी जिसके बाद सख्त क्वारंटाइन के बाद अब टीम प्रैक्टिस में व्यस्त है। बीसीसीआई ने प्रैक्टिस सत्र का एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें कोहली भी नजर आए।

### पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस-कार्लाइल डील की जांच करेगा सेबी

**नई दिल्ली (ए)।** मार्केट रेग्युलेटर सेबी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और कार्लाइल ग्रुप के बीच 4,000 करोड़ रुपए की प्रस्तावित डील की जांच करेगा। एक प्रॉक्सी एडवाइजरी कंपनी ने इस डील पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के माइनोरिटी स्टेकहोल्डर्स के हित में नहीं है। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने 4000 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री के लिए प्राइवेट इक्विटी फर्म कार्लाइल ग्रुप की अगुवाई वाले निवेशकों के एक ग्रुप के साथ डील की है।

## अश्विन से नहीं, अपने प्रयासों से ईजाद की कैरम बॉल: गौतम



**नई दिल्ली(ए)।** कृष्णप्पा गौतम को क्रिकेट के उनके शुरुआती दिनों में टीम के साथी खिलाड़ी भज्जी (हरभजन सिंह का उपनाम) कह कर बुलाते थे, लेकिन इस ऑलराउंडर ने जिस तरह कैरम बॉल ईजाद की है, उसमें उनकी गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन का प्रभाव ज्यादा दिखाई देता है। गौतम उन छह नए खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के दौरे के लिए चुना गया है। इस दौरे पर 13 जुलाई से 25 जुलाई के बीच भारतीय टीम को तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। फर्स्ट क्लास में 166, लिस्ट ए में 70 और टी-20 में 42 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी से जब पूछ गया कि क्या उन्होंने अश्विन को देखकर कैरम बॉल करना सीखा है, तो उन्होंने बताया कि इसे मैंने अपने प्रयासों से विकसित किया है। उन्होंने कहा कि यदि आपको शीर्ष स्तर पर खेलना है, तो आपको अपने दम पर कौशल विकसित करने की जरूरत होती है। बचपन में, मुझे ईरापल्ली प्रसन्ना सर ने भी कोचिंग दी है। उन्होंने कहा मुझे अश्विन की मानसिकता और खेल के प्रति दृष्टिकोण पसंद है। गौतम से जब भारतीय टीम में चयन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा आप सालों से जो सपना देखते है, जब वह सच होता है तब खुशी होती है। घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गौतम इस साल इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में सुर्खियों में आए थे। चेन्नई सुपर किंग्स ने 32 साल के इस खिलाड़ी के लिए बड़ी बोली लगाई थी। गौतम ने कहा अपने करियर की शुरुआत में मैं भज्जी पा (हरभजन सिंह) की नकल करता था इसलिए मेरे साथी मुझे भज्जी कहने लगे थे। भज्जी की तरह दूसरा गेंद डालने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, नहीं, मैं दूसरा नहीं कैरम गेंद फेंकता हूं। आईपीएल में चेन्नई की टीम ने गौतम के लिए 9.25 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी, लेकिन टीम में मोईन अली की मौजूदगी के कारण उन्हें मौका नहीं मिला।

उन्होंने कहा आईपीएल में मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। आईपीएल जैसे टूर्नामेंटों में आपको मैच की ज्यादा चिंता किए बगैर खुद का समर्थन करना होता है। आप मुकाबले में अपनी नीलामी की कीमत के कारण मैदान में नहीं उतरते है। महेन्द्र सिंह धोनी से मिली सलाह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा माही भाई का सबसे अहम सुझाव यह होता है कि मौजूदा समय का लुत्फ उठाओ। अपने नेचुरल खेल का समर्थन करो और उसी तरह से खेलो जिसे सबसे अच्छे तरीके से जानते हो। गौतम हालांकि नेशनल टीम से पहले जुड़े रहे हैं। इंग्लैंड के पिछले भारत दौरे पर वह टेस्ट सीरीज के दौरान नेट गेंदबाज के तौर पर दल में शामिल थे। उन्होंने कहा देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा होता है और आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

## ओलिंपिक से पहले विनेश फोगाट ने पोलैंड में मचाया धमाल, गोल्ड मेडल किया अपने नाम



**वारसॉ(ए)।** भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने पोलैंड ओपन के 53 किग्रा में स्वर्ण पदक जीतकर साबित किया कि तोक्यो ओलिंपिक के लिए उनकी तैयारियां सही दिशा में बढ़ रही हैं। 26 साल की विनेश का यह सत्र का तीसरा खिताब है, उन्होंने मार्च में माटियो पेलिकोन और अप्रैल में एशियाई चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक भी अपनी झोली में डाला था। शुरुआत में 2019 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता एकातेरिना पोलेशचुक के खिलाफ मुकाबले को छोड़कर विनेश को अपनी किसी भी प्रतिद्वंद्वी से परेशानी नहीं हुई और उन्होंने केवल दो अंक ही गंवाए। फानल में यूक्रेन की ख्रिस्टिना बेरेजा के खिलाफ उन्होंने एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत दर्ज की। विनेश ने अपने ज्यादातर अंक डबल-लेग अटैक से बनाए जबकि 2019 यूरोपीय रजत पदक विजेता बेरेजा पूरे मुकाबले में रक्षात्मक बनीं रहीं। विनेश को पोलेशचुक के खिलाफ 6-2 की जीत हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा तो वहीं सेमीफाइनल में अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी एमी एन्न फेर्नसाइड को उन्होंने महज 75 सेकंड में पिन (चित) कर दिया। विनेश को शुरुआती दौर में पोलेशचुक की रक्षात्मक खेल से कड़ी चुनौती मिली। उन्होंने रूस की इस पहलवान के खिलाफ बाएं पैर पर हमला करने की रणनीति अपनायी लेकिन उनका दांव उलटा पड़ गया और पोलेशचुक ने 2-0 की बढ़त कायम कर ली। विनेश ने दूसरे पीरियड में प्रतिद्वंद्वी के दोनों पैरों पर हमला किया और स्कोर को 2-2 करने में सफल रही।

## श्रीलंका दौरे में जीत की प्रबल दावेदार है टीम इंडिया



**मुम्बई(ए)।** नियमित कप्तान विराट कोहली और रोहत शर्मा सहित कई अनुभवी खिलाड़ियों के शामिल नहीं होने के बाद भी जुलाई में होने वाली श्रीलंका दौरे में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इस दौरे में भारतीय टीम की कप्तानी शिखर धवन कर रहे हैं जबकि उपकप्तानी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को मिली है। भारतीय टीम में ज्यादातर खिलाड़ी अनुभवी हैं। वहीं दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम में अधिकतर नए खिलाड़ी हैं। बोर्ड के साथ मतभेदों के बाद कई अनुभवी खिलाड़ी बाहर हो गये हैं। इन हालातों में टीम इंडिया को जीत से रोकना श्रीलंकाई टीम के लिए संभव नजर नहीं आ रहा है।

धवन की अगुवाई में 20 सदस्यीय भारतीय टीम जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20मैचों की सीरीज खेलेगी। इस दौरे पर राहुल द्रविड़ भरतीय टीम के कोच होंगे। अभी वनडे रैंकिंग में भारत की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि श्रीलंका नौवें स्थान पर काबिज है। वहीं टी20 की बात करें तो भारत दूसरे नंबर तो श्रीलंका आठवें नंबर पर है. इस दौरे पर विराट, रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी नहीं होंगे। इसी दौरान विराट की कप्तानी में भारत की मजबूत टीम इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही होगी। इन खिलाड़ियों के नहीं होने के बावजूद भारतीय टीम बेहद मजबूत है। भारतीय टीम को द्रविड के कोच होने से भी लाभ मिलेगा।

## शाकिब ने बुरे व्यवहार के लिए मांगी माफी, कहा- कभी-कभी ऐसा हो जाता है

### स्टंप्स को लात मारने के बर्ताव पर उन पर लग सकता है एक मैच का निलंबन



**ढाका(ए)।** बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर शाकिब अल हसन ने यहां एक घरेलू टी20 मैच के दौरान मैदान स्टंप को लात मारी और अंपायरों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। हालाकि उन्होंने हालांकि बाद में इसे मानवीय त्रुटि बताते हुए माफी मांगी। बांग्लादेश के 34 साल पूर्व कप्तान ने भले ही माफी मांग ली हो लेकिन स्टंप्स को लात मारना स्तर तीन का अपराध है और इस बर्ताव के कारण उन पर एक मैच का निलंबन लग सकता है। शाकिब ने अपने फेसबुक पेज पर माफी मांगते हुए लिखा, प्रिय प्रशंसकों और शुभचिंतकों, मैं उन सभी से माफी मांगता हूं जिन्हें आज के मैच में मेरे व्यवहार से दुख पहुंचा है। मेरे जैसे अनुभवी क्रिकेटर से यह बिल्कुल भी वांछनीय नहीं है, लेकिन कभी-कभी मैच के तनावपूर्ण माहौल में ऐसा हो जाता है। मैं सभी टीमों, टूर्नामेंट में शामिल सभी अधिकारियों और आयोजन समिति से ऐसी गलती के लिए माफी मांगता हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं भविष्य में इस तरह का काम नहीं करूंगा। सब को प्यार। शेर-ए-बंगाल स्टेडियम में खेले गए मैच में मुशफिकर रहीम के खिलाफ किए गए पगबाधा की अपील को नाकार दिए जाने के बाद शाकिब ने अपना आपा खो दिया और स्टंप पर पैर मार दिया। उन्होंने मैच के दौरान एक और बार ऐसी हरकत की। अबाहानी की पारी के दौरान छठे ओवर में पांचवीं गेंद के बाद जब दोनों मैदानी अंपायरों में बारिश के कारण मैच रोकने की घोषणा की तब शाकिब ने गुस्से में दूसरे छोर के स्टंप्स उखाड़ दिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शाकिब इसलिए गुस्से में थे क्योंकि अगर एक गेंद का खेल और होता तो मैच का नतीजा निकल जाता। मैच हालांकि फिर से शुरू हुआ और उनकी टीम ने आसानी से जीत दर्ज की। शाकिब बांग्लादेश के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक माने जाते है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10,000 से अधिक रन बनाने के साथ लगभग 600 विकेट भी लिए है।

## सरनदीप बोले, सिराज की जगह शार्दुल को शामिल करें

**नई दिल्ली(ए)।** राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे सरनदीप सिंह ने कहा है कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मुकाबल में युवा तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को शामिल करना चाहिये। सरनदीप ने कहा कि भारतीय टीम को इस अहम मुकाबले में चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिये। साथ ही कहा कि ऐसे में युवा तेज गेंदबाज सिराज की जगह शार्दुल को अंतिम एकादश में जगह मिलनी चाहिये। सरनदीप ने कहा है कि शार्दुल गेंदबाजी के साथ ही बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। जिसके कारण उन्हें सिराज पर प्राथमिकता मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि शार्दुल ने अपनी बल्लेबाजी क्षमताओं को ऑस्ट्रेलिया में साबित किया था। वर्तमान हालातों के अनुसार भारतीय टीम 18 जून से शुरू होने वाले खिताबी मुकाबले में तीन तेज गेंदबाजों तथा दो स्पिनरों आर अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ उतरेगी। सरनदीप ने कहा, यदि बादल छाये रहते हैं तो तब आप इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के साथ एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज के साथ खेल सकते हो। मैं चौथे तेज गेंदबाज के रूप में शार्दुल का नाक लूंगा हालांकि सिराज ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है पर वह बल्लेबाजी नहीं कर पाते।

## सीआईएल ने ई-नीलामी से खरीदे कोयले के निर्यात को दी अनुमति

**नई दिल्ली(ए)।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कहा ?कि उसने अपने खरीदारों को ई-नीलामी के माध्यम से खरीदे गए कोयले के निर्यात की अनुमति दे दी है। सीआईएल ने अपनी ई-नीलामी से कोयले की बिक्री की नीति में बदलाव किया है और हाजिर ई-नीलामी व विशेष हाजिर ई-नीलामी आउटलेट्स के माध्यम से खरीदे गए कोयले के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इससे ई-नीलामी प्लेटफॉर्म पर कारोबार की मात्रा बढ़ेगी। सीआईएल ने कहा है कि प्रावधानों के मुताबिक ई-नीलामी के तहत खरीदे गए कोयले का इस्तेमाल देश के भीतर ही किया जा सकता था और इसका निर्यात नहीं किया जा सकता था, जिसमें अप संशोधन किया गया है और अब इन दो नीलामियों की श्रेणी वाले इस शुष्क ईंधन के निर्यात के रास्ते खोल दिए गए हैं। सीआईएल ने कहा है कि 2007 में ई-नीलामी की व्यवस्था पेश किए जाने के बाद से यह अपने तरह की अलग प्रगति है। सीआईएल ने अपने बिजली, स्टील, लौह और अन्य क्षेत्रों के ग्राहकों के साथ दीर्घावधि ईंधन आपूर्ति समझौता (एफएसए) किया है।

## इनफिनिक्स नोट 10 और नोट 10 प्रो लांच



**नई दिल्ली(ए)।** भारत में इनफिनिक्स ने अपना नोट 10 और नोट 10 प्रो स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया। कंपनी इनफिनिक्स ने नोट 10 और नोट 10 प्रो में 6.95 इंच फुलएचडी+ डिस्प्ले, 16 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरे जैसे फीचर्स दिए हैं, जो यूजर्स को खूब भा रहे हैं। प्रो वेरियंट 90 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट पैनल के साथ आता है।

इनफिनिक्स नोट 10 स्मार्टफोन 7 डिग्री पर्पल, 95 डिग्री ब्लैक और ऐमरेल्ड ग्रीन कलर में आता है। 4 जीबी रैम व 64 जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 10,999 रुपये और 6 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट 11,999 रुपये है। फोन 13 जून से ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। इनफिनिक्स नोट 10 प्रो को 8 जीबी रैम व 256 जीबी स्टोरेज वेरियंट के साथ 16,999 रुपये में लॉन्च किया गया है। हैंडसेट को फ्लिपकार्ट से 13 जून से खरीदा जा सकेगा। स्मार्टफोन 7 डिग्री पर्पल, 95 डिग्री ब्लैक और नॉर्डिक सीक्रेट कलर में लॉन्च किया गया है।इनफिनिक्स नोट 10 में 6.95 इंच (2460म1080 पिक्सल) फुलएचडी+ एलसीडी स्क्रीन दी गई है। फोन में ऑक्टा-कोर मीडियाटेक हीलियो जी85 प्रोसेसर है जो 12एनएम फैब्रिकेशन पर बेस्ड है। ग्राफिक्स के लिए माली-जी52 जीपीयू है। फोन को 4 जीबी रैम के साथ 64 जीबी स्टोरेज और 6 जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट में लॉन्च किया गया है। हैंडसेट की स्टोरेज को माइक्रोएसडी कार्ड के जरिए 256 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इनफिनिक्स नोट 10 ड्यूल सिम सपॉर्ट करता है। फोन ऐंड्रॉयड 11 बेस्ड एक्सआएस 7.6 पर चलता है। स्मार्टफोन में पावर देने के लिए 5000 एमएएच बैटरी है जो 18वाट एक्स-चार्ज फास्ट चार्जिंग सपॉर्ट करती है। हैंडसेट ड्यूल 4जी वोल्टे, वाई-फाई 802.11 एसी, ब्लूटूथ 5, जीपीएस, ग्लोनास, यूएसबी टाइप-सी जैसे कनेक्टिविटी फीचर्स दिए गए हैं। फोन में साइड पर फिंगरप्रिंट सेंसर मौजूद है।



## वनप्लस नोर्ड सीई 5जी 10 को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली(ए)।** वनप्लस नोर्ड सीई 5जी हैंडसेट को यूरोपीय और भारतीय मार्केट में उपलब्ध कराया जाएगा। वनप्लस कंपनी इस 5जी स्मार्टफोन को आगामी 10 जून को लॉन्च करने जा रही है। अब लॉन्च से पहले हैंडसेट की कीमत का खुलासा हुआ है। लॉन्च से पहले, ब्रैंड ने फोन के रियर पैनल के डिजाइन का खुलासा किया है।फोन में वर्टिकल ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप और 4500 एमएएच बैटरी दी गई है। एचडीएफसी बैंक के ऑफिशल डॉक्युमेंट से खुलासा हुआ है कि वनप्लस नॉर्ड सीई 5जी ग्राहकों को कैशबैक भी ऑफर किया जाएगा। डॉक्युमेंट से पता चला है कि फोन 22,999 रुपये (315 डॉलर) में मिलेगा। हैंडसेट खरीदने पर 1 हजार रुपये कैशबैक मिलेगा। बता दें कि नए वनप्लस नॉर्ड के प्री-ऑर्डर 11 जून से शुरू होंगे और 16 जून से सेल की शुरुआत होगी। प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 2,699 रुपये (37 डॉलर) की गुडीज फ्री मिलेंगी। नीचे दी गई तस्वीर को देखने पर पता चलता है कि ब्लू कलर वाले वनप्लस नॉर्ड सीई 5जी में एक वर्टिकल ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 600 अरब डॉलर के पार



**नई दिल्ली(ए)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार जून को समाप्त सप्ताह में 600 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड को पार कर गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुताबिक बीते सप्ताह के दौरान इसमें 6.842 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 605.008 अरब डॉलर का हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में सिर्फ एक वर्ष में ही 100 अरब डॉलर का उछाल आ गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले वर्ष पांच जून को समाप्त हुए सप्ताह में 500 अरब डॉलर के ऊपर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में 7.362 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। इस बढ़त के साथ विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़कर 560.890 अरब डॉलर पर जा पहुंचा। एफसीए में डॉलर समेत यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं को भी शामिल किया जाता है। इनके मूल्य की गणना भी डॉलर के भाव में ही की जाती है। हालांकि समीक्षाधीन सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य 50.20 करोड़ डॉलर घटकर 37.604 अरब डॉलर का रह गया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह अप्रैल, 2007 को खत्म सप्ताह में 200 अरब डॉलर के ऊपर पहुंचा था। उसके बाद 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने में इसे सात वर्ष लग गए थे। विदेशी मुद्रा भंडार ने 28 मार्च, 2014 को समाप्त सप्ताह में 300 अरब डॉलर को पार किया था। हालांकि, उसमें 100 अरब डॉलर जुड़ने में सिर्फ तीन वर्ष से कुछ अधिक का वक्त लगा और विदेशी मुद्रा भंडार आठ सितंबर, 2017 को 400 अरब डॉलर के ऊपर था। अगले ढाई वर्षों में ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार 100 अरब डॉलर बढ़कर पांच जून, 2020 को 500 अरब डॉलर के ऊपर जा चुका था।




## 1 जुलाई से बदल जाएगा सिंडीकेट बैंक का आईएफएससी कोड

**मुंबई(ए)।** सिंडिकेट बैंक की शाखाओं के मौजूदा आईएफएससी 30 जून 2021 तक ही काम करेंगे। 1 जुलाई 2021 से नए आईएफएससी लागू होंगे। इसलिए ग्राहक 30 जून तक नए आईएफएससी अपडेट कर लें। सिंडिकेट बैंक का 1 अप्रैल 2020 से केनरा बैंक में विलय हो चुका है। अब सिंडिकेट बैंक की सभी शाखाएं केनरा बैंक की शाखाओं के तौर पर काम कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने मार्च 2021 में ही कहा था कि पूर्ववर्ती सिंडिकेट बैंक की शाखाओं द्वारा जारी की गई चेकबुक जून 2021 अंत तक ही वैध रहेंगी। इस बारे में बैंक ने एक बार फिर विज्ञापन के जरिए सूचित किया है। सिंडीकेट बैंक के चेकबुक 30 जून 2021 तक ही वैलिड हैं। इसलिए ग्राहक जून आखिर तक ही सिंडिकेट बैंक के आईएफएससी और एमआईसीआर कोड वाली चेकबुक्स का इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन साथ ही नए आईएफएससी और एमआईसीआर वाले चेकबुक 30 जून तक ले लें। यह भी कहा गया है थर्ड पार्टी को जारी किए गए।

# आधी रात को रामजानकी, हनुमान मंदिर से मुकुट व तीन पीतल के घंटे चोरों ने किये पार

**मंदिर के अंदर तीन पुजारी लेते रहे गहरी नींद, चोरों किया हाथ साफ**





भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम रूर में स्थित एक मंदिर को चोरों ने निशाना बनाकर आधी रात को चोरी करने के लिए मुख्य गेट से दाखिल हुए और अंदर तीन पुजारी गहरी नींद में सोते रहे। मंदिर की पेटी से नगदी सहित मूर्तियों के गहने चोरी कर रफू चक्कर हो गये। जब रात के वक्त एक पुजारी की नींद खुली तो गेट खुला हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद मंदिर के अंदर गया तो देखा मूर्तियों के गहने सहित पीतल के घंटे चोरी हो गये। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की वारदात को मुआयना किया, जिसके बाद चोरों का जल्द पता करने के लिए जिला मुख्यालय से फ्रिंगर एक्सपर्ट टीम बुलाई, टीम ने मंदिर में चोरी हुई वारदात के प्रिंट लिए और आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार मंदिर के पुजारी रामेश्वर दयाल कौरव पुत्र रघुवंशी कौरव निवासी ग्राम रूर मंदिर ने बताया शुक्रवार-शनिवार रात 1 बजे के लगभग अज्ञात चोर मंदिर में उस वक्त दाखिल हुए जब सभी लोग अंदर सो रहे थे, इसी दौरान दबे पांव चोर आये और मंदिर से पीतल के तीन घंटे सहित मूर्ति के मुकुट चांदी, हनुमान छत्री मुकुट सहित लगभग 80 हजार रुपये का माल समेटकर ले गये। जब पुजारियों की सुबह नींद खुली तो सामान बिखरा हुआ देखकर उनके होश फख्ता हो गये, जिसके बाद तुरंत चोरी की वारदात की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचकर मोका-मुआयना किया, जिसके बाद फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# पूर्व मंत्री ने शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचकर शोक सवेदना व्यक्त की



गोहद। अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य गोहद के अल्प प्रवास पर आकर शोकाकुल परिवार के बीच पहुँचकर उनके परिजनों को सात्वना दी। आर्य भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष विनोद यादव के निधन, मण्डल उपाध्यक्ष लला कुशवाह की भाभी के निधन, पूर्व विधायक सुशीला भदौरिया के निधन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सनेही शर्मा बुआ के निधन पर ढांढ़स बंधाया ओर कहा भाजपा परिवार अपने कार्यकर्ताओ के दुख की घड़ी में साथ खड़ी है। शोक सवेदना व्यक्त करने वाली में सुरेश बोहरे, लला भटेले, मुन्ना बाथम, मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन, महामंत्री आशीष शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष भीकम कौशल, रामसिया जाटव, अविनाश भटेले, मुन्ना तोमर, महेश श्रीवास्तव, ललित अग्रवाल, राजेश नागर, सौरभ पांडेय, प्रमोद कामत, कालीचरण कुचिया, लला कुशवाह, सन्तोष राठौर, गौरव राज सोनी, कौशल भटेले, जुगल सोनी, पिंकी सगर आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## डॉ सिंह व चौधरी राकेश भी पहुचे शोकाकुल परिवारों के बीच

कांग्रेस के पूर्व मंत्री डा गोविंद सिंह व पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह भी पत्रकार करन सिंह तोमर की दादी के निधन, पूर्व पार्षद विनोद यादव के निधन पर, वार्ड नं 18 में जितेंद्र गुर्जर की ताई के निधन पर शोकाकुल परिवारों के बीच पहुँचकर शोक सवेदना व्यक्त की। शोक सवेदना व्यक्त करने वालो में विधायक मेवाराम जाटव, आशीष गुर्जर, केदार कौशल, रामहेत जाटव, बदनसिंह तोमर, शैलेंद्र गुर्जर, टोनी मुदगल, फिरदौस कुरेशी, बंटी गुर्जर, गोपाल पचौरी ने शोक सवेदना व्यक्त की।

# कांग्रेस सदैव गरीब जनता के साथ खड़ी है : ब्रजकिशोर



भिण्ड। कोविड-19 महामारी में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देशन, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार एवं सेवादल के राष्ट्रीय सचिव म.प्र.प्रभारी चंद्रप्रकाश बाजपेयी तथा म.प्र.सेवादल के अध्यक्ष ठा.रजनीश सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे जन सेवा कार्य के तहत म.प्र.सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा जिले की मेहगांव विधानसभा के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन जरूरतमंदों को राशन सामग्री किट वितरित कर उन्हें यकीन दिला रहे हैं कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस लोगों की सेवा में पूरी तरह से खड़ी है।

# श्री कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तत्वाधान में चल रहे सेवा ही संगठन अभियान के तहत 14 दिन 436 लोगों को लगाई गई निशुल्क वैक्सीन

**वैक्सीन लगवाने में युवाओं का बढ़ रहा है उत्साहः रमेश दुबे**

**सेवा भाव मे दक्ष पार्टी कार्यकर्ता**



भिण्ड। भारत का द्वारा चलाए जा रहे सेवा ही संगठन अभियान के तहत श्रीमंत कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तत्वाधान में भिंड जिले के व्यापार मंडल धर्मशाला परिसर में कोविड-19 सेक्टर पर 14 दिन 436 सर्व समाज के लोगों को वैक्सीन लगवाई गई। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी के नव मनोनीत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कोविड.19 सेंटर प्रभारी रमेश दुबे ने बताया 18 वर्ष की आयु के युवाओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है सुबह से ही सेंटर पर आकर अपना रजिस्ट्रेशन पंजीयन कराकर वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचते हैं जब उनसे पूछा गया तो उन लोगों का कहना था कि हम सबके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संकट के दौर से निकालने के लिए निशुल्क वैक्सीन लगवाने के लिए हम सबको प्रेरणा दी है सभी युवाओं में भाजपा सरकार के प्रति साइट है वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है हम सब लोग वैक्सीन लगवाने के लिए कोविड.19 पर आए हैं जहां स्वास्थ्य विभाग एवं समाजसेवी तथा संगठन के कार्यकर्ताओं का पूर्ण रुप से सहयोग मिल रहा है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुबे ने बताया की व्यापार मंडल में 31 मई से सेवा संगठन पर्व अभियान वैक्सीन कोविड.19 का शुभारंभ किया गया था बराबर लोग काफी संख्या में आकर अपनी भागीदारी को सुनिश्चित कर रहे हैं। कोविड-19 सेक्टर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन जन सेवा भाव के साथ कार्य करने वालों में रामदास सोनी, डॉ तरुण शर्मा, विकास शर्मा, दिलीप बोहरे, कुलदीप सिंह राजावत, राधा मोहन चौबे, अनिल कटारे, रामदास सोनी, छुट्टन तोमर, भूरे गुरभेले, लटूरी प्रसाद शर्मा, अनिल दुबे, राजीव दीक्षित, शिव प्रतापसिंह कुशवाह, अजीत सिंह कुशवाह आदि लोग प्रमुख हैं।

# केंद्रीय मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी के जन्म दिवस के अवसर पर मेहगांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता



मेहगॉव - वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया जिसमें पूर्व विधायक राकेश शुक्ला जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र नरवरिया जी वरिष्ठ नेता डॉक्टर कालीचरण राठौर विधायक प्रतिनिधि रिंकू भदोरिया जी रोहित करैया जी महामंत्री (कार्यक्रम संयोजक ) रामकुमार भदोरिया जी पूर्व महामंत्री कालीचरण शाक्य महामंत्री युवा मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया आशीष दांत रे रामु राठौर हरनाम परिवार रामू गुर्जर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिन पर मास्क एवं पौधे रोपड़ किये

बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता



मेहगांव / मेहगांव क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के 64वें जन्मदिन पर मेहगांव भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा मार्क्स एवं फल वितरण कर दंदरौआ धाम में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत श्री रामदास जी महाराज के सानिध्य में पौधों रोपण किये केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने दूरभाष के माध्यम से आशीर्वाद लिया श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत श्री रामदास महाराज ने शुभकामनाएं के साथ साथ बधाई दी एवं पौधारोपण किया इस अवसर पर मंहत श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर स्वभाव से बहुत सीधे और सरल व्यक्तित्व के धनी है उनके स्वभाव के कारण उनके विरोधी भी उनसे स्नेह करते हैं।। इस मौके पर श्रीमती ममता भदौरिया, श्रीमती सुधा राठौर कुंवर सिंह राठौर, देव चौधरी, रामभुवन सिंह परमार, उम्मेद खान, राजकुमार राठौर, सुभाष शर्मा, रवि इंदौरिया, सोनू उपाध्याय, अजय त्रिपाठी, श्रीमती रामकेशी राठौर, राम भरोसे, शुभम आदि लोग मौजूद रहे।

# एक साल में ही टूटी पुलिया सिंचाई विभाग कर रहा लीपापोती



**सिंचाई विभाग ने अनुभवहीन ठेकेदार द्वारा कराया था पुलिया का निर्माण**

गोहद। मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में सड़क बनाकर यातायात सुगम बनाने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं ठेकेदारों द्वारा लगातार चूना लगाकर न केवल शासन की महती योजना को पलीता लगाया जा रहा है अपितु जान-माल जोखिम की तैयारी भी की जाती है मामला है गोहद से कठवा गुर्जर की ओर जाने वाली सड़क पर बनी हुई पुलिया का जो मात्र 1 वर्ष के समय को पूरा करके ही न केवल ध्वस्त हो गई है अब तो आज यातायात भी समाप्त हो गया है और सामान्य जन कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर सुदूर गांव की ओर जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं ग्रामीण जन एवं उपस्थित लोगों के द्वारा बताए अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन पुलिया का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा एक अनुभवहीन ठेकेदार द्वारा कराया गया था जिसने केवल सरिया डालकर बिना जाल बनाए पुलिया का निर्माण कर दिया था और वह पुलिया 1 वर्ष के भीतर ही ध्वस्त होकर समाप्त हो गई।

**जांच कर जिम्मेदारों पर होनी चाहिए कार्यवाही :** सिंचाई विभाग द्वारा पुनः शासन को पलीता लगाने की तैयारी की जा रही है मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन को ऐसे ठेकेदारों जो जुगाड़ वाले रजिस्ट्रेशन पर कार्य करते हैं और ऐसे वरिष्ठ अधिकारी जो कमीशन के लालच में अनुभवहीन ठेकेदारों द्वारा कार्य कराते हैं दोनों पर कार्यवाही करना चाहिए।

# जिला प्रशासन ने ठाना है भिण्ड को स्वच्छ बनाना है



भिण्ड । भिण्ड जिले में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर चलाए गए जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान के नतीजों से जाहिर है कि जिले में स्वच्छता को लेकर एक माहौल बन रहा है और इस मामले में बेहतर करने की इच्छा भी पैदा हो रही है। जिला प्रशासन की पहल पर नगर पालिका अमले द्वारा स्वच्छता के लिए बड़े पैमाने पर और योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा सैकड़ों कर्मचारियों और आधुनिक मशीनों के जरिए सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाया जा रहा है। जिले में हर घर से कचरा उठाने के लिए नगर पालिका का वाहन प्रतिदिन पहुंचता है। रिहायशी इलाके में दिन में एक बार, जबकि व्यावसायिक इलाकों में दो बार कचरा कलेक्ट किया जाता है। जिला प्रशासन के निर्देशन में वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अमले द्वारा जिले के सभी वार्डों में नाली, नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है एवं स्वच्छ भारत मिशन को गति देने हेतु जिले में कई जगहों पर पड़ी गंदगी के लिए भी साफ-सफाई अभियान चलाया गया है। जिले में कई जगहों पर पानी के निकास के लिए नालियों का निर्माण किया जा रहा है। जिला प्रशासन की इस पहल पर अगर हम सब साथ देने के लिए तत्पर हों तो स्वच्छता मिशन की गति और तेज हो जाएगी।

# अवैध उत्खनन के खिलाफ गोविंद सिंह लहार में झंडा उठाएं में साथ चलने को तैयारः रमेश दुबे

**सिंधिया के खिलाफ बयान पर दुबे का पलटवार**

**शोक व्यक्त करने में राजनीति तलाश करना निंदनीय कृत्य**



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. रमेश दुबे ने शनिवार बयान जारी करके कहा है कि लहार विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ गोविन्द सिंह अगर अवैध रेत उत्खनन को बंद कराना चाहते हैं उसके लिए उन्हें सबसे पहले कदम उठाकर स्वयं की लहार विधानसभा क्षेत्र में जो भी लोग सिन्ध नदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है उनके खिलाफ झण्डा उठाना चाहिए।।अगर वो ऐसा करते है तो मैं भी उनके पीछे चलने को तैयार हूं। ज्ञात रहे कि हाल ही में डॉ.गोविंदसिंह द्वारा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अवैध उत्खनन के खिलाफ झंडा उठा लेने वाला बयान दिया थाए जिस पर पलटवार करते हुए डॉ रमेश दुबे ने कहा है कि डॉ गोविंद सिंह अगर लहार में अवैध उत्खनन के खिलाफ कोई भी कदम उठाएंगे तो मैं अपने सभी साथियों के साथ उनका साथ दूंगा। लेकिन कोरी राजनीति के लिए इस तरह का बयान देना अनुचित है। डॉ. रमेश दुबे ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंहएसांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और भारतीय जनता पार्टी किसी भी प्रकार के अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ है और समय समय पर रेत उत्खनन के खिलाफकार्यवाहियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगो के घर परिवार में किसी की मृत्यु हुई है वहां शोक व्यक्त करने जाना एक व्यवहारिक सामाजिक परम्परा है।

# नैनो न्यूज

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने छावनी क्षेत्र एवं विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जन समस्याएं सुनीं

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह शनिवार को मुरार विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों और छावनी क्षेत्र की बस्तियों में पहुँचकर जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को सभी समस्याओं का चरणबद्ध ढंग से निराकरण करने के लिये आश्वस्त किया। विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के घरों पर इस दौरान पहुँचकर श्री कुशवाह ने शोक संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह शनिवार को ग्राम बेरजा, रसीदपुर, बिल्हेटी, भेलाकला व छावनी क्षेत्र की बंशीपुरा मुरार, मीरानगर मुरार, संभाजी विला कॉलोनी शहीदगेट इत्यादि बस्तियों में पहुँचे।

## अलग अलग जगह तीन युवक फांसी पर झूले

**ग्वालियर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले तीन युवकों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के कोटावाला मोहल्ला निवासी योगेश माठे (26) पुत्र बहादुर सिंह माठे ने मैकेनिकल से इंजीनियरिंग की और अभी नौकरी की तलाश कर रहा था। बीती रात खाना खाने के बाद वह घर की तीसरी मंजिल पर पहुंचा और फांसी लगाकर जान दे दी। हादसे का पता उस समय चला जब रात परिजन उसे तलाशते हुए ऊपरी मंजिल पर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ था। मामले का पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस भेज दिया है। वहीं बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के न्यू फोर्ट व्यू कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय शिवप्रताप सिंह सेंगर पुत्र रणवीर सिंह सेंगर ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता रात करीब 12 बजे चला जब परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर लटके देखा तो उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहा पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी थानाक्षेत्र के ब सागरताल सरकारी मल्टी निवासी अनिल पुत्र रामबाबू मल्होत्रा जियो टेलीकॉम कंपनी में सेल्स का काम करता है। बीती शाम वह घर पर आया और खाना खाने के बाद बाइक दूसरे मकान पर रखने की कहकर गया था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। उसके वापस नहीं आने पर पत्नी उसे तलाशते हुए दूसरे मकान पर पहुंची तो अनिल फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## डबरा में चातुर्मास के लिए मुनि विहसंत सागर को किया आमंत्रित

**ग्वालियर।** जिले के डबरा में चातुर्मास के लिए सकल जैन समाज ने मेडिटेशन गुरु विहसंत सागर महाराज को आमंत्रित किया है। समाज के सदस्यों ने करहल मैनपुरी उत्तरप्रदेश में जाकर मुनि विहसंत सागर महाराज से शहर में ससंघ चातुर्मास करने के लिए निवेदन किया। इस दौरान महावीर दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, मंत्री विजय जैन रजियार, अरविंद जैन, मुनि सेवा समिति के सदस्य संजय जैन, कल्लू मगरोनी,रितेश जैन, राजू जैन, जितेंद्र जैन ,जीतू रजियार सहित कई लोग मौजूद थे।

## ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर 17 तक

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा संस्कृति की ओर से सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस शिविर का आयोजन ऑनलाइन किया गया।यह शिविर 17 जून तक आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव अमित जैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाविप के प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार गुप्ता शामिल हुए।

### केंद्रीय मंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु के लिए द्वारिकाधीष मंदिर में किया अभिषेक

# भाजपा ने केंद्रीय मंत्री तोमर का जन्मदिवस सेवा रूप में मनाया

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा केंद्रीय कृषि एवं पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी का 64 वां जन्मदिन महानगर के सभी वार्डों में सेवा दिवस के रुप में मनाया। भाजपा द्वारा सभी 60 वार्डों में वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं में 64 हजार मास्क और सैनिटाइजर और ग्राम उदय पुस्तक का वितरण किया। प्रत्येक वर्ष की भांति केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के जन्मदिन के अवसर पर थाटीपुर स्थित द्वारकाधीश मंदिर पर उनके स्वस्थ और दीर्घायु के लिए अभिषेक किया गया और प्रसादी वितरण की गई।



इस अवसर पर ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, जिलाध्यक्ष कमल मखीजानी, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल, राजेश सोलंकी, अशोक जैन, अरुण तोमर, अशोक जादौन, शरद गौतम, महेश उमरैया, रामेश्वर भदौरिया, सोनू मंगल, प्रमोद खंडेलवाल, राजू सेठ, नरेंद्र सिकरवार, सुभाष शर्मा, अवधेश तोमर, अभिनंदन त्यागी, उमेश भदौरिया, बिरजू शिवहरे, जगदीश मित्तल, यश शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**महानगर के सभी वार्डों में किए गए सेवा कार्य:** महानगर के सभी 60 वार्डों में केंद्रीय मंत्री जी के जन्मदिवस पर 64000 मास्क और सैनेटाइजर का वितरण किया साथ ही ग्रामोदय पुस्तिका का भी वितरण किया। ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने वार्ड 41 में, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर वार्ड 14 में, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी वार्ड 60 में, प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह वार्ड 25 में, पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह वार्ड 53 में, पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल वार्ड 27, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा वार्ड 24 में, वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा वार्ड 32 में, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश सोलंकी वार्ड 55 में, श्री जयप्रकाश राजौरिया वार्ड 19 में, श्री राकेश जादौन वार्ड 59 में, श्री विवेक जोशी वार्ड 38 में, श्री अशोक जैन वार्ड 45 में, श्री अरूण तोमर वार्ड 10 में, श्री शरद गौतम वार्ड 57 में, श्री महेश उमरैया वार्ड 17 में, श्री रमेश अग्रवाल वार्ड 49 में, श्री किशन मुदगल वार्ड 54 में, श्री रामवरण गुर्जर वार्ड 18 में, श्री अशोक शर्मा वार्ड 11में, श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर वार्ड 21, श्रीमती सुमन शर्मा वार्ड 22 में, श्री राजकुमार परमार वार्ड 3 में, श्री अशोक जादौन वार्ड 20में, राजेश दुबे वार्ड 28 में, कनवर मंगलानी वार्ड 6में, श्रीमती रेखा धौलाखंडी वार्ड 7 में, श्री रामेश्वर भदौरिया वार्ड 16 में, श्रीराकेश माहौर वार्ड 51में, श्री बृजेन्द्र सिंह जादौन वार्ड 56, श्री अरुण कुलश्रेठ वार्ड 48, श्री अशोक बांदिल वार्ड 37में, श्री प्रमोद खंडेलवाल वार्ड 43में, श्री विनोद शर्मा वार्ड 02 में, श्री वेदप्रकाश शिवहरे वार्ड 01 में, श्री सुधीर गुप्ता वार्ड 47 में, श्री सतीश बोहरे वार्ड 52 में, श्री हरीश मेवाफरोश वार्ड 44 में, श्री धर्मेंद्र सिंह तोमर वार्ड 50 में, श्री मनोज तोमर वार्ड 46 में, श्री राकेश शर्मा वार्ड 42 में की उपस्थिति में वितरण किया गया।

**भाजपा युवा मोर्चा ने किया सेवा कार्य:** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मोर्चा अध्यक्ष विवेक चैहान के नेतृत्व में बालिका आश्रम गोले का मंदिर पर भोजन, हजीरा पर वृक्षारोपण, महाराज बाड़े पर मास्क और सैनेटाइजर का वितरण और नारायण वृद्ध आश्रम में वस्त्र वितरित किए गए।

## कांग्रेस नेता बालेन्दु शुक्ला से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**ग्वालियर।** कांग्रेस नेता के फार्म हाउस पर आधा दर्जन बदमाश पहुंचे और चौकीदार को धमकाकर जमीन जोतने लगे। जब चौकीदार ने विरोध किया आरोपियों ने धमकी दी कि अगर जमीन पर पैर रखना है तो मालिक से कह देना पचास लाख रुपए दे जाएं। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के औहदपुर की है। धमकी से घबराए चौकीदार ने कांग्रेस नेता को मामले की सूचना दी और थाने ने उसे पचास लाख रुपए का टेस्ट टैक्स मांगा था। इसकी पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी उसने कांग्रेस नेता को दी थी और उन्होंने जल्द ही कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। कांग्रेस नेता बालेन्द्र शुक्ल का औहदपुर में फार्म हाउस है। फार्म हाउस की देखभाल करने के लिए मुरार निवासी आत्माराम शर्मा चौकीदारी का काम करता है।

# विनय नगर में बनेगा प्रदेश का आदर्श विद्युत उपभोक्ता केन्द्रः तोमर



## ऊर्जा मंत्री ने किया 57 लाख 79 हजार रूपये लागत के विकास कार्यो का भूमि पूजन

ग्वालियर (ईएमएस) ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शनिवार को उपभोक्ता सेवा केन्द्र व प्रबंधक कार्यालय के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि विनय नगर में बनाये जा रहे उपभोक्ता सेवा केन्द्र को प्रदेश के आदर्श विद्युत सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रयास ऐसे होंगे कि यहां आने वाले उपभोक्ता को बिजली संबंधी किसी भी प्रकार के कार्य के लिए इधर-उधर न भटकना पडे। श्री तोमर ने इस अवसर पर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को विनयनगर विद्युत उपभोक्ता केन्द्र को आदर्श केन्द्र बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में श्री तोमर ने कहा बिरला नगर पचासा क्वार्टर के पास प्रबंधक कार्यालय बनने से अब स्थानीय निवासियों को अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए तानसेन नगर नही जाना पडेगा। बिरला नगर जोन कार्यालय लाईन नं. 9 पचासा क्वार्टर के पास 28 लाख रूपये की लागत से प्रबंधक कार्यालय बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा इसी तरह विनय नगर सेक्टर-3 बिजली घर में 29 लाख 79 हजार रूपये की लागत से उपभोक्ता सेवा केन्द्र बनाया जा रहा है। जिसमें बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण, बिल जमा कक्ष, बिल सुधार व नवीन विद्युत कनेक्शन केन्द्र के साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जायेगी। यह विद्युत उपकेन्द्र प्रदेश का सुंदर, स्वच्छ तथा सर्वसुविधा युक्त उपभोक्ता केन्द्र बनेगा। साथ ही कहा कि यहां अभी 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा है, जिसे बढ़ाकर 8 एमवीए किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या का स्थायी निदान होगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर यह भी कहा कि हमें बिजली की बचत की आदत डालनी होगी। हम बिजली बचत के प्रति खुद जागरूक हों और अन्य उपभोक्ताओं को भी जागरूक करें। जितनी बिजली की आवश्यकता है उतनी ही बिजली का उपयोग करें। हम प्रयास कर रहे है कि उपभोक्ताओं के बिल बिना आंकलित खपत के जारी किये जायें। उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर पर्यावरण को बचाने में अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। श्री तोमर ने कहा कि जब भी घर से निकलें मास्क अवश्य लगायें। साथ ही लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिये प्रेरित करें, जिससे कोरोना की तीसरी लहर को आने से रोका जा सके।

# दिल्ली से पकड़ा दुष्कर्म का आरोपी

## 7 दिन में दो छात्राओं ने कराई थी आटा कारोबारी पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की FIR, गिरफ्तार

**ग्वालियर।** दुष्कर्म और ब्लैकमेल के आरोप में फरार आटा कारोबारी को क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पिछले एक सप्ताह में दो छात्राओं ने कारोबारी पर दुष्कर्म करने के बाद न्यूड वीडियो शूट कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। दोनों ही मामले शहर के गोला का मंदिर थाना में दर्ज हुए थे। स्नढ्ढक्र दर्ज होने के बाद कारोबारी दिल्ली भाग गया था। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच ने दबिश दी और आरोपी को दिल्ली से पकड़ा है।



शहर के चर्चित व्यवसायी धर्मवीर सिंह भदौरिया निवासी गोला का मंदिर पर दो छात्राओं ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। धर्मवीर अनमोल आटा व ब्रेड का कारोबार करता है। छात्राओं ने शिकायत की थी कि कारोबारी ने उनसे दोस्ती करने के बाद उनको गोला का मंदिर स्थित रजनीगंधा अपार्टमेंट में अपने कंपनी के दफ्तर के ऊपर फ्लैट में ले जाकर दुष्कर्म किया था। उसके बाद न्यूड वीडियो शूट कर ब्लैकमेल करने लगा। हर शनिवार को अपने फ्लैट पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता था। लगातार उसकी इन हरकत से तंग आकर छात्राओं ने मामले की शिकायत पुलिस में की थी। यह दोनों शिकायत पिछले 7 दिन के अंदर थाने पहुंची। पुलिस ने दो मामले दर्ज किए और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। अभी पुलिस को पता लगा कि आरोपी की करंट लोकेशन दिल्ली के नजदीक आ रही है। इस पर स्क्र ग्वालियर अमित सांघी ने तत्काल क्राइम ब्रांच की टीम को दिल्ली के लिए रवाना किया। पुलिस लगातार आरोपी की लोकेशन को ट्रेस करती हुई जा रही थी। दिल्ली की सीमा में आरोपी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। पूछताछ करने के बाद उसको लेकर पुलिस ग्वालियर पहुंचने वाली है।

PRABAL RAJAWAT
(medicine counselor)
M.9584013254
Air SON PHARMA
PRASHANT BHADOURIYA
M.8279318693
Patient Home Care Services
we care for you
24 hours healthcare facilities at home Patient and child care taker facilities male and female All nursing care at home Hospital duty SOS .nursing staff available All specialist and consalting at your home Blood urin sample collect your home
Shivendra singh
(Gwalior diagnostic)
M.9713193637
Near madhav plaza lashkar Gwalior 474001

# नई बाइक में पुरानी चाबी, पकड़ा गया चोर

## लड़खड़ाया और सड़क कर गिरा बाइक सवार, पुलिस ने उसे उठाया तो निकला वाहन चोर; कई चोरियों का खुलासा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मदद करने गई पुलिस के हाथ एक शातिर वाहन चोर लग गया। हुआ यह कि पुलिस को देखकर अचानक एक बाइक सवार लड़खड़ाया और सड़क पर ही गिर पड़ा। पुलिस ने मदद करते हुए उसे उठाया। वह चेहरा छुपाने लगा। जब पुलिस ने नई बाइक में पुरानी चाबी लगी देखी तो संदेह हुआ। बाइक के बारे में पूछा तो गाड़ी चोरी की निकली। पुलिस ने बाइक जब्त कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। 12 से ज्यादा चोरी करना कुबूल कर रहा है।

गोला का मंदिर थाना ञ्जढ्ढ विनय शर्मा ने बताया कि सुबह वह उप निरीक्षक बृजमोहन शर्मा, आरक्षक शशिकांत शर्मा, अरविन्द शर्मा, विष्णु और चंद्रशेखर के साथ थाना क्षेत्र में घूमकर दुकानों के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग की स्थिति देख रहे थे। वह इंद्रमणि नगर पहुंचे तो सामने से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया जो पुलिस मोबाइल टीम को देखते ही हड़बड़ाहट में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। बाइक सवार को




गिरते देखकर पुलिसकर्मी मदद करते हुए उसे उठाने पहुंचे तो बाइक सवार चेहरा छुपाने लगा। तभी पुलिस की नजर उसकी बाइक पर पड़ी। गाड़ी एकदम नई थी, लेकिन उसमें चाबी पुरानी लगी थी। संदेह पर पुलिस ने बाइक के बारे में पूछा तो युवक भागने लगा। इस पर तत्काल पुलिस ने आरोपी सन्नी को पकड़कर ढंग से पूछताछ की तो पता लगा कि यह बाइक उसने मेला ग्राउंड से कुछ देर पहले ही चोरी की थी। पुलिस ने उसे निगरानी में लेकर थाने पहुंचाया और पूछताछ शुरू कर दी है।

**थाने पहुंचा फरियादी, पहचानी बाइक:** पुलिस टीम चोर को लेकर अभी गोला का मंदिर थाने पहुंची ही थी कि पता लगा कि वहां पहले से ही आदितय विहार कॉलोनी महाराजपुरा निवासी नवीन प्रकाश सक्सेना पुत्र प्रेमशंकर खड़ा था। उसने बताया कि वह मेला ग्राउंड सब्जी मंडी में बाइक बाहर खड़ी कर सब्जी लेने चला गया, जब लौट कर आए तो गाड़ी चोरी हो चुकी थी। इसके बाद उसने अपनी बाइक नंबर MP07 MY-0962 को पहचान लिया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही बाइक चोर से पूछताछ शुरू कर दी है।

# नाइट कर्फ्यू में पुलिस के एनाउंसमेंट सेट पर बजे गाने

## पुलिस चौकी से आधी रात आई आवाज...बहारों फूल बरसाओ, मेरा महबूब आया है, लोगों ने बनाए वीडियो किए वायरल

**ग्वालियर।** ग्वालियर में आधी रात पुलिस चौकी से आवाज आईज बहारों फूल बरसाओं मेरा महबूब आया है। पुलिस के एनाउंसमेंट सेट पर गाने बजने से आसपास के लोगों की नींद टूट गई। लोग घर से बाहर निकले तो देखा कि हाथ में माइक लेकर पुलिस चौकी के बाहर खड़ा एक सिरफिरा गाने गा रहा था। आधी रात को नींद में




खलल पड़ने पर गुस्सा तो आया, लेकिन पुलिस चौकी से ऐसा होते देख लोग मजे लेने लगे। उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इतना ही नहीं कुछ ने गानों की फरमाइश भी कर दी। घटना शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात हजीरा की है। पुलिस सेट से गाने का पता चलते ही पुलिस अफसर आनन-फानन में चौकी पहुंचे। पर युवक भाग गया। कुछ लोगों ने बताया कि जो युवक गाना गा रहा था उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बाद में उसे ग्वालियर थाना पुलिस ने पकड़ लिया और परिजन के हवाले कर दिया।

**यह है पूरा मामला:** आधी रात अचानक हजीरा चौराहे पर बनी पुलिस चौकी के एनाउंसमेंट वाले साउंड सिस्टम पर फिल्मी गाने गूंजने लगे। गाने सुनते ही लोग घरों से बाहर आए। नाइट कर्फ्यू में देखा कि एक युवक हजीरा पुलिस सहायता केन्द्र के बाहर खड़ा गाने गा रहा था। लोग भी गाना सुनने के लिए एकत्रित हो गए और युवक से गाना गाने की फरमाइश करने लगे। गाना गाने के साथ ही युवक शेरो-शायरी भी करने लगा।

SOMYA GROUP
सौम्या डिजिटल सर्विसेस
सभी प्रकार के ऑनलाईन कार्य किये जाते है।
आयुष्मान कार्ड | फोटो कॉपी | पेन कार्ड
अर्जेन्ट फोटो | वाहन बीमा | कलर प्रिन्ट
खसरा खतौनी | रेल्वे/बस टिकट | लाईट बिल
कॉलेज / स्कूल फीस | आय प्रमाण | MOBILE/DTH
जीवन प्रमाण पत्र | मूल निवासी | आय/जाति
समग्र आईडी | बिल भुगतान | ड्रायविंग लायसंन्स
हेल्थ इंन्सोरेन्स | पर्सनल इंन्सोरेन्स | वाहन बीमा
9713253992, 8889981102

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478